दैनिक
# भीम प्रज्ञा
PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026
2009 से स्थापित
सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

'दिखावे की चमक क्षणिक होती है, लेकिन सादगी और समझदारी जीवनभर सम्मान दिलाती है। '

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए
हेल्पलाइन - 9983040937
Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937



## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

### 'शादी का दिखावा या जिंदगी का बोझ?–फिजूल खर्ची के खिलाफ सामाजिक चेतना की जरूरत '

पिछले कुछ वर्षों में शादियों का स्वरूप जिस तेजी से बदला है, वह केवल परंपराओं का विस्तार नहीं, बल्कि सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दिखावे की खतरनाक दौड़ बन चुका है। एक समय था जब विवाह सादगी, संस्कार और पारिवारिक मेल-जोल का प्रतीक हुआ करता था, लेकिन आज यह 'स्टेटस शो' में बदलता जा रहा है। नौजवान पीढ़ी अपने घर की आर्थिक स्थिति को नजरअंदाज कर, दूसरों की नकल में ऐसे-ऐसे खर्च कर रही है, जो आने वाले कई वर्षों तक उनके जीवन को कर्ज के बोझ तले दबा देते हैं। यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है। आज गांव से लेकर शहर तक शादियों में महंगी गाड़ियां, डीजे, फ्लोर डांस, रथ, ब्रांडेड कपड़े, महंगे आभूषण और वीडियो शूटिंग का दिखावा आम हो गया है। दूल्हा-दुल्हन से ज्यादा ध्यान उनके कपड़ों और एंट्री स्टाइल पर होता है। एक तरफ करोड़पति का बेटा सादगी से शादी कर रहा है, तो दूसरी तरफ मजदूर का बेटा उधार लेकर आलीशान शादी करने में लगा है। यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि जो व्यक्ति अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार सादगी से विवाह कर सकता है, वह भी समाज के दबाव और दिखावे की होड़ में कर्ज लेकर 'राजसी ठाठ' दिखाने की कोशिश करता है।

शादी के दो दिन के इस दिखावे के पीछे छिपा सच बेहद कड़वा है। ब्याज की दरें दिन-रात चलती हैं, लेकिन आम आदमी की आय सीमित होती है। वह आठ-दस घंटे काम करके जितना कमा सकता है, उससे कहीं ज्यादा वह खर्च कर बैठता है। नतीजा यह होता है कि शादी के बाद नई जिंदगी की शुरुआत खुशियों से नहीं, बल्कि कर्ज चुकाने की चिंता से होती है। कई परिवार तो वर्षों तक इस आर्थिक बोझ से उबर नहीं पाते, और इसका असर उनके बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य पर भी पड़ता है। गहनों और आभूषणों की होड़ भी इस समस्या को और गहरा कर रही है। सामाजिक प्रतिष्ठा दिखाने के लिए लाखों रुपए के गहने खरीदे जाते हैं, जिनका उपयोग शायद ही कभी दोबारा होता है। यह न केवल धन की बर्बादी है, बल्कि एक प्रकार से सामाजिक असमानता को भी बढ़ावा देता है। जो लोग इतने महंगे गहने नहीं खरीद सकते, वे खुद को कमतर महसूस करते हैं और इसी दबाव में कर्ज लेने को मजबूर हो जाते हैं। यह समस्या केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक भी है। सोशल मीडिया ने इस आग में घी डालने का काम किया है। हर कोई अपनी शादी को 'परफेक्ट' दिखाना चाहता है, ताकि फोटो और वीडियो वायरल हो सकें। लेकिन कोई यह नहीं सोचता कि उस 'परफेक्ट' दिखावे के पीछे कितनी आर्थिक अस्थिरता और मानसिक तनाव छिपा है। अब सवाल यह उठता है कि इस संकट से बचा कैसे जाए?

सबसे पहला और महत्वपूर्ण कदम है–स्वीकार्यता। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हमारी आर्थिक क्षमता सीमित है और उसी के अनुसार खर्च करना ही समझदारी है। शादी आनंद का अवसर है, प्रतिस्पर्धा का नहीं। यदि हम अपने बजट के अनुसार सादगी से विवाह करें, तो न केवल आर्थिक बोझ से बच सकते हैं, बल्कि एक सकारात्मक संदेश भी समाज को दे सकते हैं। दूसरा, समाज को अपनी सोच बदलनी होगी। दिखावे की बजाय सादगी को सम्मान देना होगा। जब तक समाज सादगी को 'कमजोरी' और दिखावे को 'प्रतिष्ठा' मानता रहेगा, तब तक यह समस्या खत्म नहीं होगी। परिवार और समुदाय को मिलकर यह निर्णय लेना होगा कि अनावश्यक खर्चों को बढ़ावा नहीं देंगे। तीसरा, युवाओं को जागरूक होना होगा। उन्हें समझना होगा कि शादी जीवन की शुरुआत है, अंत नहीं। यदि शुरुआत ही कर्ज से होगी, तो आगे का जीवन संघर्षमय हो जाएगा। अपने माता-पिता की मेहनत और आर्थिक स्थिति का सम्मान करना भी उनका कर्तव्य है। चौथा, सरकार और सामाजिक संगठनों को भी इस दिशा में पहल करनी चाहिए। सामूहिक विवाह, सादगीपूर्ण विवाह और फिजूल खर्ची के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। कुछ स्थानों पर यह पहल सफल भी हुई है, जहाँ लोग बिना दिखावे के सरल विवाह को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**अंततः**, हमें यह समझना होगा कि शादी का असली उद्देश्य दो परिवारों का मिलन और एक नए जीवन की शुरुआत है, न कि समाज को अपनी हैसियत दिखाना। दिखावे की यह दौड़ अंतहीन है–आज आप किसी से आगे निकलेंगे, कल कोई और आपसे आगे निकल जाएगा। लेकिन कर्ज का बोझ हमेशा आपके साथ रहेगा। 'दो दिन की शान के लिए पूरी जिंदगी को गिरवी रखना समझदारी नहीं, बल्कि सामाजिक भ्रम है। '

समय आ गया है कि हम इस भ्रम को तोड़ें और सादगी, समझदारी और आत्मसम्मान के साथ जीवन के इस पवित्र बंधन को निभाएं।

# खाली खेत में 40 लोगों को किराएदार बताया:हैवी लाइसेंस के लिए हरियाणा से आ रहे लोग, वहां वेटिंग और नियम सख्त

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**झुंझुनू** । झुंझुनूं में एक ऐसा गिरोह सक्रिय है जो हरियाणा के लोगों को रातों-रात यहां का किराएदार बना देता है और फिर परिवहन विभाग से उनके हैवी लाइसेंस जारी करवा देता है। उप पंजीयक कार्यालय में इन फर्जी किरायानामों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। परिवहन अधिकारी बिना जांच-पड़ताल किए हरियाणा के लोगों को इसी रजिस्टर्ड किरायानामे के आधार पर हैवी लाइसेंस बनाकर दे रहे हैं। ये सभी लोग हरियाणा के हैं। इनका झुंझुनूं में न कोई व्यापार है और न ही नौकरी। फिर भी इन्हें किराएदार बना झुंझुनूं में रहना दिखा दिया। यह सब फर्जीवाड़ा हैवी ड्राइविंग लाइसेंस के लिए किया जा रहा है। पड़ताल में सामने आया है कि हरियाणा में हैवी ड्राइविंग लाइसेंस के कड़े नियमों से बचने के लिए वहां के लोग झुंझुनूं में फर्जीवाड़ा कर लाइसेंस बनवा रहे हैं। इस किराएनामे में 40 लोगों को खाली खेत में किराएदार दिखा दिया। वजह यह सामने आई कि हरियाणा में हैवी लाइसेंस के लिए नियम सख्त हैं। ऐसे में यहां आकर ड्राइवर अपना पता बदल कर लाइसेंस बनवा रहे हैं।



### 1 साल में 1800 लाइसेंस

झुंझुनूं में एक माह पहले तक हर महीने हरियाणा के 150 से 200 हैवी लाइसेंस बनाए गए। यानी पूरे साल में 1800 से अधिक पिछले 6 माह में ही 1000 से अधिक बनाए गए। पिछले चार साल के आंकड़े खंगालने तो सामने आया कि हरियाणा के 7 हजार से अधिक लोगों को लाइसेंस जारी किए गए।

### बिना ट्रेनिंग बंट रहे सर्टिफिकेट

परिवहन विभाग से जुड़े ड्राइविंग स्कूलों में बिना वास्तविक ट्रेनिंग के सर्टिफिकेट बांटे जा रहे हैं। क्योंकि इनके पास न तो इतना बड़ा ट्रैक होता है और न ही इतनी गाड़ियां कि ये एक साथ इतने लोगों को ट्रेनिंग दे सकें। इसके बावजूद परिवहन विभाग इन पर नकेल नहीं कस रहा। दिल्ली पुलिस, बिहार पुलिस, राजस्थान पुलिस, सीआरपीएफ समेत अन्य में वाहन चालकों की भर्ती के लिए हैवी लाइसेंस मांगे जाते हैं।

### 2 पक्ष सहमत हैं तो किरायानामा बन सकता है

मामले को लेकर सब रजिस्ट्रार कुलदीपसिंह ने कहा- कोई भी दो पक्ष आपस में सहमत होकर आते हैं, तो किरायानामा बन जाता है। नियमानुसार शुल्क जमा कराने पर किरायानामा पंजीकरण किया जाता है। अधिक प्रॉपर्टी होने पर ही फिजिकल वेरिफिकेशन किया जाता है। अन्यथा रैंडम वेरिफिकेशन होता है। '

**रोजाना 2 किराएनामे आ रहे**

उपपंजीयक कार्यालय में औसतन रोजाना दो किरायानामा पंजीकृत हो रहे हैं। पिछले तीन महीने में जनवरी से मार्च के दौरान 95 से अधिक किरायानामा पंजीकरण कराए गए। एक किरायानामा में 25 से 40 लोगों को किराएदार बताया गया है। पिछले साल इसी अवधि में महज 32 किरायानामा पंजीकरण हुए थे। इस प्रक्रिया से लाइसेंस बनवाने का खर्च भी बढ़ा है।

### हरियाणा में सख्ती और वेटिंग ज्यादा

हरियाणा में हैवी लाइसेंस के लिए वहां रोडवेज में ही 30 दिन की ट्रेनिंग करनी पड़ती है। हरियाणा में रोडवेज के डिपो व उप डिपो 39 हैं। एक डिपो में 30 सीटें हैं। ऐसे में वहां हर महीने 1170 को ही ट्रेनिंग मिलती है। जबकि राजस्थान में परिवहन विभाग ने ड्राइविंग स्कूलों को अधिकृत कर रखा है। राजस्थान में 60 परिवहन कार्यालयों से जुड़े 900 से अधिक ड्राइविंग स्कूल हैं। प्रत्येक स्कूल में 30 सीटें हैं। ऐसे में यहां हर महीने 27000 हजार को सर्टिफिकेट मिलता है। हरियाणा में ट्रेनिंग के लिए वेटिंग अधिक रहती है। यहां आते ही ट्रेनिंग मिल जाती है।

### 25 हजार में डॉक्युमेंट्स तैयार

प्रदेश में हर महीने हरियाणा के लोगों को औसतन 3 हजार हैवी लाइसेंस बनाकर दिए जा रहे हैं। झुंझुनूं में हरियाणा के एक व्यक्ति से हैवी लाइसेंस के लिए 25 हजार रुपए लिए जा रहे हैं। हर महीने के 150 के हिसाब से जोड़ें तो एक महीने में 37.50 लाख और एक साल में 4.5 करोड़ रुपए लिए जा रहे हैं। इसमें किरायानामा के 5 हजार रुपए, ड्राइविंग स्कूल सर्टिफिकेट के 5 हजार रुपए, लाइसेंस शुल्क के 1500 रुपए शामिल हैं। शेष रुपए एजेंट व सहयोगी व वकील लेते हैं।

### 2 पॉइंट्स में समझिए फर्जीवाड़े की पूरी कहानी

खेत में कागजी कॉलोनी: परिवहन कार्यालय से 1 किमी दूर शहर के धनकड़ नगर के पास वारिसपुरा के एक खाली खेत (जहां कोई मकान नहीं है) के पते पर 24 मार्च को 40 लोगों का रेंट एग्रीमेंट रजिस्टर्ड हुआ। 400 वर्ग फीट में निर्माण दिखाकर 40 लोगों को किराएदार दिखाया गया। इन सभी के हैवी लाइसेंस जारी करा दिए गए। दो कमरों में 27 लोग: शहर के रीको एरिया से सटे धनकड़ नगर के मकान नंबर 6 (320 वर्ग फीट) में 27 लोग किराएदार दिखाए गए हैं। सभी हरियाणा के लोग हैं। मौके पर रहने वाली महिला का कहना है कि यहां कोई किराएदार नहीं रहता। यह किरायानामा 16 दिसंबर 2025 को बनाया गया। सभी के हैवी लाइसेंस जारी हो गए।

### बोले- सेक्शन 9 में प्रावधान

कार्यवाहक डीटीओ झुंझुनूं रमेश कुमार यादव ने कहा- ग्रांट ऑफ लाइसेंस के सेक्शन 9 में यह प्रावधान है कि कोई व्यक्ति जहां रहता है या बिजनेस करता है वहां लाइसेंस बनवा सकता है। ड्राइविंग स्कूल से ट्रेनिंग ले चुका है या ले रहा है तो लाइसेंस बनाया जा सकता है।

# इतिहास के साक्ष्यों से सजी सृजनात्मकता: रामादेवी महिला महाविद्यालय में छात्राओं की अनूठी कार्यशाला

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । नूंआ स्थित रामादेवी महिला पीजी महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में 04 मई 2026 को एक दिवसीय कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बीए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए इतिहास साक्ष्यों एवं प्राचीन सभ्यताओं से जुड़े आकर्षक मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी प्रस्तुत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा मिश्रा ने छात्राओं के रचनात्मक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इतिहास केवल अतीत की घटनाओं का संकलन नहीं है, बल्कि यह उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अतीत की गहन व्याख्या करने का माध्यम है, जो हमें वर्तमान को समझने और भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने में सहायता करता है। इस अवसर पर उप-





प्राचार्या डॉ. शहला सईद, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. रमाकांत शर्मा तथा एनएसएस प्रभारी डॉ. नीतू सिंह ने छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनसे विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछकर उनके ज्ञान की सराहना की। डॉ. रमाकांत शर्मा ने कहा कि इतिहास मानव सभ्यता के विकास की कहानी है, जो हमें समाज, संस्कृति, राजनीति और अर्थव्यवस्था के क्रमिक विकास को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यशाला का सफल संचालन इतिहास विभागाध्यक्ष श्री अशोक शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी श्री सतीश चौधरी सहित डॉ. नरेश नैण, डॉ. लक्ष्मीकांत शर्मा, डिम्पल मील, नीतू शर्मा, अनीशा बानो, मनीषा मोदी, सुनीता जाखड़, वंदना, गरिमा जोशी, संदीप सोऊ, विपिन जी, सोनम वर्मा तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में छात्राओं की सृजनात्मकता, शोधात्मक सोच और इतिहास के प्रति उनकी गहरी रुचि स्पष्ट रूप से झलकी, जिसने कार्यशाला को ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक बना दिया।

# विभागीय पदोन्नति मिलने पर कमलेश शर्मा बने सहायक प्रशासनिक अधिकारी



### कार्यभार ग्रहण करने पर सीबीईओ स्टाफ ने किया स्वागत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

विभागीय पदोन्नति मिलने पर सहायक प्रशासनिक अधिकारी बने कमलेश शर्मा ने सोमवार को कार्यभार ग्रहण करने पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के स्टाफ ने स्वागत किया। आयोजित संक्षिप्त व गरिमामय कार्यक्रम में सीबीईओ विधाधर शर्मा, संस्थापन अधिकार भँवरसिंह जाखड़ व रिसोर्स पर्सन सरेश कुमार भास्कर ने शर्मा को साफा व माला पहनाकर, लेखाकार अनिल मील व श्रीराम मुंड ने गुलदस्ता भेंट कर, कार्यालय स्टॉफ द्वारा बुके प्रदान कर स्वागत किया।इस अवसर पर अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी परमेश्वर ढाका ,कंप्यूटर महेश सैनी, दिनेश सवामी, एमआईएस विकास झांकल,कनिष्ठ सहायक दीनदयाल शर्मा, सहायक कर्मचारी भंवरलाल स्वामी आदि उपस्थित थे।

# मंडावा तहसील में ग्रामीण जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

**पंचायत समिति सभागार में प्रगणकों को दिया जा रहा प्रशिक्षण**

***168 कर्मचारियों की टीम, 25 सुपरवाइजर और 130 फील्ड स्टाफ तैनात***

***4 बेंच गठित, हर बेंच को 3 दिन तक दिया जाएगा प्रशिक्षण***

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

उपखंड में मंडावा तहसील की ग्रामीण जनगणना 2026 के पहले चरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पंचायत समिति सभागार में तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर के नेतृत्व में ग्रामीण स्तर पर प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत दूसरे चरण की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि जनगणना का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। पहले चरण में 1 मई से 15 मई तक नागरिकों को 'स्व-गणना' के तहत ऑनलाइन पोर्टल पर अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज करने का अवसर दिया गया है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे समय रहते सही और पूरी जानकारी भरें, जिससे डेटा अधिक सटीक और पारदर्शी बन सके। वहीं, दूसरे चरण की शुरुआत 16 मई से होगी, जिसमें जनगणना की टीमें घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगी। इस कार्य के लिए मंडावा तहसील में कुल 168 कर्मचारियों की टीम तैनात की गई है, जिसमें 25 सुपरवाइजर और करीब 130 फील्ड कर्मचारी शामिल हैं। तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर 4 बेंच का गठन किया गया है और प्रत्येक बेंच को तीन दिन तक 2 ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। ट्रेनर अनिल कुमार ने जनगणना को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया बताते हुए नागरिकों से इसमें सक्रिय भागीदारी की अपील की है। प्रशासन का मानना है कि स्व-गणना की इस पहल से प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बनेगी, जिससे भविष्य की विकास योजनाओं के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध हो सकेंगे।




# उपखंड अधिकारी ने गौशाला का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं की सराहना कर गौसेवा में लिया भाग

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा** । मुकुंदगढ़ रोड स्थित कामधेनु निराश्रित गौ सेवा समिति में सोमवार को उपखंड अधिकारी ने पहुंचकर गौशाला का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में पशुओं के लिए की गई छाया, पंखों एवं कूलर की समुचित व्यवस्था की सराहना की। समिति के मीडिया प्रभारी जे.पी. सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि उपखंड अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान गौवंश के लिए पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए, ताकि गर्मी के मौसम में पशुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के बाद उपखंड अधिकारी ने स्वयं गौसेवा करते हुए अपने हाथों से गौवंश को तरबूज और गुड़ खिलाया। उनके इस सेवा भाव से उपस्थित लोगों में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष किशोर चौहान, रविंद्र शर्मा, प्रकाश स्वामी, वंश, विक्रम, मोहनलाल, गजेंद्र सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। समिति के सदस्यों ने प्रशासन के इस सहयोगात्मक रवैये की सराहना की और भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलने की उम्मीद जताई।



# क्या आप भी घर के आंगन को देना चाहती है खूबसूरत लुक, तो इन बेकार चीजों का इस तरह करें इस्तेमाल



हर कोई अपने घर को सुंदर बनाना चाहता है। ऐसे में घर को खूबसूरत बनाने के लिए हर छोटी-छोटी बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। अगर आप भी अपने घर के आंगन को आकर्षक बनाना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए है। आज हम आपको कुछ टिप्स बताएंगे, जिनकी मदद से आप घर के उस हिस्से को सजा सकते हैं जहां सबसे ज्यादा लोग आते-जाते हैं।

### अपने यार्ड को ऐसे बनाएं खूबसूरत

आंगन घर की सुंदरता में चार चांद लगा देता है। इसे खूबसूरत बनाने के लिए आप कई तरह के पौधे, फूल और सजावटी सामान का इस्तेमाल कर सकते हैं। सबसे पहले आप किसी भी दुकान या नर्सरी से रंग-बिरंगे फूलों के गमले लाकर अपने घर के आंगन में रख सकते हैं। आजकल बाजार में सजावट के लिए भी एक से एक पौधे आसानी से उपलब्ध हैं।

### दीवारों पर बेलें लगाएँ

आप आंगन की दीवारों को सुंदर बनाने के लिए मनी प्लांट, मोगरा जैसी कई सुगंधित लताएं लगा सकते हैं। इससे आंगन की दीवारें चमक उठेंगी। आप आंगन के बाहर बाउंड्री पर नींबू, संतरा या आम जैसे छोटे पेड़ लगा सकते हैं। यह पेड़ आपके यार्ड को हरा-भरा बना देगा और घर आने वाले सभी मेहमान आपके यार्ड की तारीफ करने लगेंगे।

### आँगन में एक सुन्दर झूला लगाओ

इतना ही नहीं, आप अपने यार्ड में एक छोटा सा फव्वारा भी स्थापित कर सकते हैं। यह आपके घर में शांति और सुन्दरता ला सकता है। इसके अलावा आप आंगन में छोटा सा सुंदर झूला या बेंच लगा सकते हैं ताकि आप शांति से बैठ सकें या झूले में झूलकर प्रकृति का आनंद ले सकें। यहां बैठने से आपको आराम मिलेगा।

### बांस की छड़ियों का उपयोग करें

आप शाम के समय अपने आँगन में रोशनी या लैंप का उपयोग कर सकते हैं। इससे पूरा प्रांगण रोशन हो जाएगा। आप अपने आँगन को पत्थरों से सजा सकते हैं। इसके अलावा, सजावट के लिए भी बांस की छड़ियों का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

### प्रतिदिन यार्ड साफ करें

इन सभी सुझावों के अलावा आपको अपने यार्ड को रोजाना साफ करना चाहिए और पौधों को पानी देना चाहिए। यदि आप ऐसा करेंगे तो आपका यार्ड हरा-भरा और सुंदर दिखेगा। ये सभी टिप्स आपके यार्ड को सुंदर बनाने में आपकी मदद करेंगे।



# घर को मिलेगा अमीरों वाला रॉयल लुक, इन 4 ट्रिक्स से हमेशा साफ-सुथरा दिखेगा हर कोना

**हर किसी का सपना होता है कि उसका घर न केवल आरामदायक हो, बल्कि उसका लुक भी रॉयल और शानदार हो। खासकर जब बात सफाई और सजा-संवारा की हो, तो यह महत्वपूर्ण होता है कि घर का हर कोना हमेशा साफ-सुथरा और व्यवस्थित दिखे। हालांकि, घर को हमेशा एक रॉयल लुक देना और उसे अच्छे से सजाना उतना कठिन भी नहीं है। कुछ आसान और प्रभावी ट्रिक्स के जरिए आप भी अपने घर को अमीरों जैसा दिखा सकते हैं। आइए जानते हैं उन 4 खास ट्रिक्स के बारे में, जो आपके घर को हमेशा साफ-सुथरा और शानदार बनाए रखेंगी।**

### 1. फर्नीचर की व्यवस्था और डिजाइन

घर के फर्नीचर की सही व्यवस्था और चयन रॉयल लुक पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कुछ बुनियादी फर्नीचर डिजाइनों को ध्यान में रखकर आप घर को रॉयल बना सकते हैं। जैसे :

क्लासिक और स्लीक फर्नीचर : अमीर घरों में हमेशा क्लासिक, एंटीक और स्लीक डिजाइन का फर्नीचर होता है। इसके लिए आप अपनी लाइविंग रूम में लकड़ी के सुरुचिपूर्ण सोफा सेट या मेटल और ग्लास के संयोजन वाले टेबल का चुनाव कर सकते हैं।

साफ-सुथरी व्यवस्था : फर्नीचर की व्यवस्था इस तरह करें कि घर में हवा का सही संचार हो और कमरे की विशालता बनी रहे। फर्नीचर का ओवरलोडिंग न करें और हर सामान को उसकी जगह पर व्यवस्थित रखें।

### 2. साफ-सफाई का ध्यान रखें

अमीर लोग हमेशा अपने घर की सफाई का विशेष ध्यान रखते हैं। घर को हमेशा साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखना रॉयल लुक में एक अहम योगदान देता है। कुछ टिप्स :

डेली क्लीनिंग रूटीन : घर के हर हिस्से को रोज़ाना साफ करने की आदत डालें। फ्लोर को अच्छे से धोने के लिए एक अच्छा क्लीनर इस्तेमाल करें और वाइप से टेबल, काउंटर और गद्दे साफ करें।

धूल-मिट्टी से बचाव : खिड़कियों और दरवाजों के पर्दों को नियमित रूप से धोएं ताकि धूल-मिट्टी का जमाव न हो। एयर प्यूरीफायर का इस्तेमाल भी कमरे को ताजगी से भर देता है।

### 3. हाई-एंड डेकोर और एक्सेसरीज़

रॉयल लुक पाने के लिए, घर में सही डेकोर और एक्सेसरीज़ का होना जरूरी है। कुछ महत्वपूर्ण चीजों का ध्यान रखें :

आर्ट पीस और वॉल पेंटिंग : दीवारों पर पेंटिंग या आर्ट पीस लगाना घर को रॉयल लुक देता है। अमीर घरों में अक्सर महंगे और अनोखे आर्टवर्क होते हैं, जिन्हें देखकर ही घर की भव्यता का अहसास होता है।

लक्ज़री लाइटिंग : अच्छे और भव्य लाइटिंग से घर की खूबसूरती में चार चांद लग जाते हैं। आप सोने के रंग के झूमर, क्रिस्टल लाइट्स या महंगे चांदी के लैंप का इस्तेमाल कर सकते हैं।

विंटर कुशन और थ्रो : सोफे पर रंग-बिरंगे, मुलायम और लक्ज़री फैब्रिक के कुशन और थ्रो रखें। यह न केवल सोफे को और आकर्षक बनाता है, बल्कि घर को भी रॉयल और आरामदायक लुक देता है।

### 4. रंगों का चुनाव और व्यवस्था

घर में सही रंगों का चुनाव भी उसकी सफाई और रॉयल लुक को बेहतर बना सकता है। अमीर घरों में रंगों का चयन बेहद ध्यान से किया जाता है, क्योंकि यह कमरे की खूबसूरती और शांति को बढ़ाता है।

लाइट और न्यूट्रल शेड्स : रॉयल लुक के लिए हलके रंग जैसे क्रीम, बेज, सफेद, हल्के गुलाबी या आइलिवन पिंक का चुनाव करें। इन रंगों से घर की जगह खुली और रोशन दिखेगी। इसके अलावा, डार्क टोन जैसे डार्क ग्रीन या ब्लू भी रॉयल लुक के लिए बेहतरीन होते हैं।

कलर्ड ऐक्सेंट्स : कमरे में थोड़े-बहुत रंग के ऐक्सेंट्स जैसे सजावटी वस्त्र, कुशन या दीवारों पर पेंटिंग्स भी रॉयल लुक को हाईलाइट करते हैं। इनसे कमरे की सुंदरता और विविधता में इजाफा होता है।

इन ट्रिक्स को अपनाकर आप अपने घर को एक रॉयल और क्लासी लुक दे सकते हैं, जो न केवल आपको बल्कि आपके मेहमानों को भी प्रभावित करेगा। सही फर्नीचर, अच्छी सफाई, खूबसूरत डेकोर और उपयुक्त रंगों के साथ, आपका घर हमेशा साफ-सुथरा और शानदार नजर आएगा। तो, तैयार हो जाइए अपने घर को अमीरों जैसा बनाने के लिए और उसे हर दिन रॉयल लुक में सजाने के लिए!



# क्या आप जानते हैं रोज 5 मिनट अनुलोम विलोम करने से क्या होता है? सेहतमंद बीतेगी जिंदगी, ऐसे करें अभ्यास

स्वस्थ रहने के लिए सभी स्वास्थ्य विशेषज्ञ उचित आहार के साथ-साथ योग और व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह देते हैं। अक्सर लोग यह सोचकर योग और व्यायाम से बचते हैं कि यह बहुत कठिन है या इसमें बहुत समय लगेगा। लेकिन, ऐसा बिल्कुल नहीं है। योग और प्राणायाम शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। अनुलोम-विलोम और कपालभाति प्राणायाम सेहत को कई तरह से फायदा पहुंचाता है। क्या आप जानते हैं कि रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम और कपालभाति करने से क्या फायदा होता है और इसे करने का सही तरीका क्या है, आइए विशेषज्ञ से जानते हैं। योग विशेषज्ञ नताशा कपूर इस बारे में जानकारी दे रही हैं। वह एक प्रमाणित योग शिक्षिका हैं।

अगर आप रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम और कपालभाति करते हैं तो क्या होता है?

रोजाना 5 मिनट तक अनुलोम-विलोम और कपालभाति करने से मन शांत होता है। इससे तनाव दूर होता है और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।

यह पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है. जिन लोगों का पाचन तंत्र खराब है, उन्हें रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम और कपालभाति करना चाहिए।

कपालभाति प्राणायाम एसिडिटी, गैस और कब्ज को दूर करता है और पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है।

यह एकाग्रता और स्मरण शक्ति में सुधार करता है तथा चिंता से राहत देता है।

रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम करने से भी बीपी नियंत्रित रहता है। अगर आपका बीपी हाई रहता है तो आपको कपालभाति के बाद अनुलोम-विलोम जरूर करना चाहिए।

कपालभाति प्राणायाम करने से भी पेट की चर्बी कम होती है।

रोजाना 5 मिनट कपालभाति और अनुलोम-विलोम करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं और चेहरे पर चमक आती है। इससे वजन भी कम होता है।

अगर आपको अच्छी नींद नहीं आती, शरीर हमेशा थका रहता है और मन शांत नहीं रहता तो ये दो प्राणायाम 5 मिनट तक करें।

रोजाना 5 मिनट कपालभाति और अनुलोम-विलोम करने से शरीर को ऊर्जा मिलती है और फेफड़ों और हृदय का स्वास्थ्य बेहतर होता है।

### उलटने का सही तरीका

इस प्राणायाम को करने के लिए आपको एक शांत जगह पर बैठना होगा।

आप इसे फर्श पर बैठकर या योग मैट के साथ बिस्तर पर बैठकर भी कर सकते हैं।

आपको इसे सुखासन या पद्मासन में बैठकर करना होगा।

यह करने के लिए बहुत आसान है।

सबसे पहले आपको अपने दाहिने अंगूठे को अपने दाहिने नथुने पर रखना होगा।

इसके बाद आपको दूसरे नथुने यानि बायें नथुने से सांस लेनी है।

सांस लेते समय इस नथुने को बंद कर लें और अपने अंगूठे को दाएं नथुने से हटाकर सांस छोड़ें।

अब केवल दाहिने नथुने से ही श्वास लें।

आपको इसे बायीं नासिका से बाहर निकालना होगा।

इस प्रक्रिया को इस प्रकार दोहराएँ।

याद रखें कि आपको उसी नथुने से दोबारा सांस लेनी है जिससे आपने सांस छोड़ी थी।

कपालभाति करने का सही तरीका

इस प्राणायाम को करने के लिए आपको सुखासन में बैठना होगा।

अपनी रीढ़ सीधी रखें.


पेट को ढीला छोड़ दें।

अब आपको तेजी से सांस बाहर छोड़नी है।

ऐसा करते समय आपका पेट अंदर की ओर खिंचना चाहिए और पेट पर दबाव महसूस होना चाहिए।

इसे कुछ समय तक दोहराएँ।

रोजाना 5 मिनट अनुलोम-विलोम और कपालभाति करने से आपको ये फायदे मिल सकते हैं। अगर आपको कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या है तो हमें लेख के ऊपर कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने लेखों के माध्यम से आपकी समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे।



# गर्मी में बर्फ की तरह पिघलेगी पेट और जांघों की चर्बी

## डाइट में सिर्फ इन 5 फूड्स को कर लें शामिल

महिलाएं घर और बाहर की जिम्मेदारियों में इतनी व्यस्त रहती हैं कि वे अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पातीं। इसके अलावा, लंबे समय तक बैठे रहने से शारीरिक गतिविधियां भी कम हो रही हैं। इन कारणों से शरीर का वजन और चर्बी बढ़ने लगती है। शरीर की चर्बी न सिर्फ पर्सनालिटी खराब करती है, बल्कि कई तरह की समस्याएं भी पैदा करती है।

मोटापे के कारण शरीर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, गठिया, स्ट्रोक जैसी कई बीमारियां घर करने लगती हैं। ऐसे में अपने खान-पान और जीवनशैली में जरूरी बदलाव करना बेहद जरूरी है। इसके लिए रोजाना व्यायाम करना जरूरी है। हालांकि, कभी-कभी महिलाओं के लिए घर और ऑफिस के काम के बीच जिम जाने और व्यायाम करने के लिए समय निकालना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ऐसे व्यायामों की जरूरत है, जो आसानी से और कम समय में किए जा सकें।

हम आपके लिए 4 ऐसी एक्सरसाइज लेकर आए हैं, जिन्हें करने के लिए आपको जिम जाने की भी जरूरत नहीं है, बल्कि आप घर पर ही थोड़ा-बहुत कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस एक दीवार की जरूरत है। आप ये व्यायाम दीवार के सहारे खड़े होकर आसानी से कर सकते हैं। फिटनेस एक्सपर्ट जूही कपूर हमें इनके बारे में बता रही हैं।

विशेषज्ञ कहते हैं, अगर आपने अभी-अभी फिटनेस पर ध्यान देना शुरू किया है और आप आसान एक्सरसाइज की तलाश में हैं, तो आप दीवार के सहारे कुछ एक्सरसाइज कर सकते हैं। इससे आपको कई फायदे मिलते हैं। यह शरीर की कई मांसपेशियों पर काम करता है। इससे संतुलन और मुद्रा में सुधार होता है और पैर, हाथ और पेट की चर्बी कम होती है। इन एक्सरसाइज को रोजाना करने से शरीर में लचीलापन भी बढ़ता है। इसके अलावा यह फैट बर्न करने और पूरे शरीर को टोन करने में मदद करता है।

### दीवार पर मार्च

यह एक बहुत ही आसान और प्रभावी व्यायाम है जिसे आप घर पर दीवार की मदद से कर सकते हैं। यह पूरे शरीर को सक्रिय करता है और मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। यह एक कार्डियो व्यायाम है जो हृदय गति को बढ़ाता है और पैरों, जांघों और ग्लूट्स को मजबूत करता है।

### दीवार मार्चिंग के चरण

इसे करने के लिए दीवार की ओर मुंह करके अपने पैरों को थोड़ा अलग रखकर खड़े हो जाएं।

अपने दोनों हाथ सीधे दीवार पर रखें।

फिर उसी स्थान पर खड़े होकर बारी-बारी से पैरों को छाती की ओर ऊपर उठाएं, जैसे कि आप मार्च कर रहे हों।

इस व्यायाम को 50 बार दोहराएँ।

### दीवार मोड़

यह व्यायाम करना थोड़ा कठिन है, लेकिन इसे रोजाना करने से आप पूरे शरीर की चर्बी कम कर सकते हैं। इसके अलावा, यह व्यायाम कमर की मांसपेशियों को मजबूत करता है, रीढ़ को लचीला बनाता है, पाचन में सुधार करता है और तनाव को कम करता है।

### दीवार मोड़ने के चरण

इस व्यायाम को करने के लिए दीवार के पास खड़े हो जाएं।

अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई तक खोलें।

दोनों हाथ दीवार पर रखें।

कमर से शरीर को दाएं से बाएं ओर घुमाएं, जैसे आप कुर्सी घुमा रहे हों।

यह व्यायाम दूसरी तरफ से भी करें।

व्यायाम करते समय सांस अंदर और बाहर लें।

यह व्यायाम 50 बार करें।

दीवार पर उकडूँ बैठना

यह एक ऐसा व्यायाम है, जो न केवल आपके पैरों, जांघों और कूल्हों को मजबूत बनाता है, बल्कि पूरे शरीर को टोन करने में भी मदद करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ऐसा करने से अधिक कैलोरी बर्न होती है और मेटाबोलिज्म भी बढ़ता है। इसके अलावा यह तनाव को भी कम करता है।

# तेजल कॉलेज के डायरेक्टर बाबूलाल यादव की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एससी -एसटी समुदाय के लोगों ने कलेक्टर एसपी को ज्ञापन सौंपा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.सीकर।**



सीकर के जाजोदा थाना क्षेत्र के शाहपुरा ठिकरिया गांव में तेजा मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में हुई मीटिंग में तेजल कॉलेज रिंगस के निदेशक बाबूलाल यादव द्वारा दिए गए भाषण में कहा गया कि यज्ञ में एस.सी. समुदाय के लोगों को बैठने नहीं दिया जाएगा जिसका वीडियो वायरल होने के बाद एस.सी. समुदाय के लोगों में काफ़ी रोष देखने को मिला जिनकी गिरफ्तारी की मांग को लेकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति कर्मचारी संघ, डॉक्टर अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी, शिक्षक संघ अंबेडकर, भीम आर्मी सहित अन्य कई सामाजिक संगठनों ने मिलकर तेजल कॉलेज के डायरेक्टर बाबूलाल यादव की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर सीकर तथा एसपी सीकर को ज्ञापन सौंपा द्य संगठनों के पदाधिकारीयों का कहना है कि इस प्रकार के असामाजिक तत्व सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का काम करते हैं बाबूलाल यादव को तत्काल गिरफ्तार नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा द्य ज्ञापन देने के दौरान प्रोफेसर हंसराज रेगर, डॉ. राजकुमार महरिया, अजाक जिलाध्यक्ष सुरेश वर्मा, शिक्षक संघ अंबेडकर के जिलाध्यक्ष सीताराम खारिया, पूर्व सरपंच नरेश मंडीवाल, छोटेलाल सर्वा, एडवोकेट नंदकिशोर दानोदिया, सतीश सर्वा, एडवोकेट मांगीलाल, रामेश्वर भीलूंदा, बीरबल चिरानीया, शिवपाल रांगेरा, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष एडवोकेट जयस्वामी कल्याण, एडवोकेट अनिल कुदन, नर्सिंग ऑफिसर बनवारी मेघवाल, राजीव गुरावा, दीपाराम दायमा, रामप्रताप वर्मा, विनोद दायमा, दिनेश डुमोलिया, विकास सबलपूरा, ताराचंद डालमास, एडवोकेट वीरेंद्र वर्मा, नेमी रेवासा, अमित गुर्जर , नेमीचंद मेघवाल, लीलाराम आजाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक आयोजित

## अवैध खनन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीतिः डीसी अनुपमा अंजली

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

हरियाणा सरकार और जिला प्रशासन पारदर्शी व्यवस्था बनाए रखने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिला में किसी भी सूरत में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात उपायुक्त अनुपमा अंजली ने आज लघु सचिवालय के मीटिंग हॉल में आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की एक बैठक में कही। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री खुद खनन मामलों की निरंतर फीडबैक ले रहे हैं। सरकार के निर्देश अनुसार प्रशासन इस विषय पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहा है। उपायुक्त ने अधिकारियों को



निर्देश दिए कि वे आपसी समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीमें गठित करें और फील्ड में उतरकर लगातार सघन निरीक्षण अभियान चलाएं। उन्होंने कहा कि जो भी नियमों की अवहेलना करेगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ताकि जिले में पूरी तरह से पारदर्शी खनन व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक, नारनौल एसडीएम अनिरुद्ध यादव, महेंद्रगढ़ एसडीएम योगेश सैनी, नांगल चौधरी एसडीएम उदय सिंह, कनीना एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह, नगराधीश डॉ मंगलसेन, खनन विभाग से इंजीनियर अनिल कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल मामलों के निपटारे के लिए प्री-लोक अदालत आज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से 9 मई को सुबह 10 बजे सभी प्रकार के मामलों के निपटारों के लिए कोर्ट परिसर नारनौल में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व 5 मई को दोपहर 1.30 बजे मोटर दुर्घटना ट्रिब्यूनल मामलों के निपटारे के लिए प्री-लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने बताया कि 9 मई को न्यायिक परिसर नारनौल में राष्ट्रीय बीमा कंपनी, न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, एको बीमा कंपनी, जुन्नो जनरल इंश्योरेंस कंपनी, चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी,फ्यूचर जेनराली इंश्योरेंस कंपनी, रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस कंपनी, भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस कंपनी (अब आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी में विलय हो चुकी है) और इफिको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी से संबंधित मामलों की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुश्री हर्षाली चौधरी व अधिवक्ता विकास सांगवान की बैंच द्वारा की जाएगी।

यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, कोटक महिंद्रा जनरल इंश्योरेंस, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी, लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी, गो डिजिट जनरल



इंश्योरेंस कंपनी, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी, आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी, यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी और अन्य बीमा कंपनियां जो अन्य न्यायालयों को सौंपी नहीं गई हैं उनसे संबंधित मामलों की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितिन राज व अधिवक्ता रमेश चंद शर्मा की बैंच द्वारा की जाएगी।

# नाम के लिए ‘उच्च माध्यमिक’, काम के लिए ‘राम भरोसे’: बावड़ीखेड़ा स्कूल में गुरुजी नहीं, टीसी कटा रहे नौनिहाल

## क्रमोन्नति के तीन साल बाद भी व्याख्याताओं का टोटा, 13 में से 9 पद खाली; प्रधानाचार्य प्रतिनियुक्ति पर, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के कंधे पर 12वीं का भार।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बैजूपाड़ा।**

**मनोज खंडेलवाल ।** सरकारें शिक्षा के स्तर को सुधारने और ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को घर के पास उच्च शिक्षा मुहैया कराने के लिए विद्यालयों को क्रमोन्नत तो कर देती हैं, लेकिन धरातल पर संसाधनों और शिक्षकों के अभाव में ये घोषणाएं सफेद हाथी साबित हो रही हैं। ऐसा ही एक मामला पंचायत समिति बैजूपाड़ा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बावड़ीखेड़ा में सामने आया है, जहाँ विद्यालय को उच्च प्राथमिक से सीधे उच्च माध्यमिक में क्रमोन्नत हुए तीन साल बीत जाने के बाद भी स्टॉफ के नाम पर सन्नाटा पसरा है। सत्र 2022-23 में क्रमोन्नत हुए इस विद्यालय में वर्तमान में कक्षा 12वीं तक का संचालन हो रहा है, लेकिन आलम यह है कि यहाँ पढ़ाने के लिए वरिष्ठ अध्यापक और व्याख्याताओं का भारी टोटा है। विद्यालय में




क्रमोन्न्त राजकीय उच्च्च माध्यमिक विद्यालय बावडीखेडा।

कुल 13 स्वीकृत पदों में से महज 4 शिक्षक ही कार्यरत हैं, जबकि 9 पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं। विडंबना देखिए कि विद्यालय में व्याख्याता का एक भी पद अभी तक स्वीकृत नहीं हो पाया है और जो प्रधानाचार्य लगाया गया, वह भी अन्यत्र प्रतिनियुक्ति पर अपनी सेवाएं दे रहा हैं। ऐसे में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के भरोसे 12वीं तक की नैया पार लगाई जा रही है। शिक्षकों की इस कमी का सीधा असर अब विद्यार्थियों के नामांकन पर दिखने लगा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विषय विशेषज्ञों के अभाव में अभिभावक अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं और वे मजबूरी में यहाँ से टीसी कटवाकर अन्य निजी या दूरस्थ सरकारी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने को मजबूर हैं। विद्यालय में वर्तमान में वरिष्ठ अध्यापक के अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, हिन्दी, सामाजिक विज्ञान और संस्कृत जैसे मुख्य विषयों के 06 पद खाली पड़े हैं। इसके साथ ही कनिष्ठ सहायक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का पद भी रिक्त होने से कार्यालयी कामकाज और विद्यालय की व्यवस्थाएं बुरी तरह चरमरा गई हैं। शैक्षणिक स्टॉफ को ही बाबू और अन्य गैर-शैक्षणिक कार्य करने पड़ रहे हैं, जिससे शिक्षण कार्य और भी अधिक प्रभावित हो रहा है। वहीं कांग्रेस के मंडावर ब्लॉक के हिंगोटा मंडल अध्यक्ष बबली सैनी सहित क्षेत्रीय ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते यहाँ स्टॉफ की नियुक्ति नहीं की गई, तो विद्यालय में नामांकन शून्य होने की कगार पर पहुँच जाएगा।

इसे लेकर विद्यालय प्रबंधन और ग्राम पंचायत प्रशासक दूलीचंद मीणा ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र मीणा सहित शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र के माध्यम से रिक्त पदों को भरने की मांग की जा चुकी है। वहीं कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रियंका अग्रवाल का कहना है कि विभाग को कई बार लिखित में अवगत कराया जा चुका है। वहीं अब गेंद प्रशासन के पाले में है। एक ओर जहाँ सरकार ‘पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया’ का नारा बुलंद कर रही है, वहीं बावड़ीखेड़ा के इस विद्यालय की बदहाली यह बताने के लिए काफी है कि ग्रामीण परिवेश के प्रतिभावान छात्र संसाधनों की कमी के कारण पिछड़ रहे हैं। अब देखना यह होगा कि शिक्षा विभाग कुंभकर्णी नींद से जागकर इन नौनिहालों के भविष्य को अंधकार में डूबने से बचाता है या फिर ये विद्यालय महज एक क्रमोन्नत बोर्ड बनकर ही रह जाएगा।

# बुहाना ब्लॉक में HPV टीकाकरण को लेकर सख्ती, ‘एक भी बच्ची न छूटे ‘– उपखण्ड अधिकारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बुहाना।**

ब्लॉक बुहाना में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए चल रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। सोमवार, 4 मई को पंचायत समिति सभागार में आयोजित ब्लॉक स्तरीय बैठक में उपखण्ड अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लक्ष्य आयु वर्ग की एक भी बालिका टीकाकरण से वंचित नहीं रहनी चाहिए। बैठक में निजी स्कूल संचालकों व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इस सप्ताह के भीतर 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की सभी बालिकाओं को HPV वैक्सीन लगाना सुनिश्चित किया जाए। उपखण्ड अधिकारी ने कहा कि यह अभियान उनकी व्यक्तिगत प्राथमिकता में शामिल है और सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें। उन्होंने बीसीएमओ, सीबीओ और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर विद्यालय स्तर पर सटीक कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए।

उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, सरकारी व निजी विद्यालयों के स्टाफ और अभिभावकों से अपील की कि वे जनजागरूकता बढ़ाने और टीकाकरण सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि भविष्य में बालिकाएं



बच्चेदानी के मुंह के कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) के खतरे से सुरक्षित रह सकें। बैठक में बीसीएमओ बुहाना डॉ. जयवीर सिंह भगासरा, बीसीएमओ सिंघाना डॉ. दुलीचंद चौधरी, ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी वेदप्रकाश, एसीबीओ देश दीपक, शिक्षा अधिकारी अरविंद मान सहित शिक्षा विभाग एवं अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।इसके अलावा, टीकाकरण की उपलब्धि बढ़ाने के लिए उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में निजी स्कूल संचालकों के साथ विशेष बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें उन्हें अभियान के प्रति प्रेरित किया गया और अभिभावकों को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए।

# नीमराना में भारत विकास परिषद ने किया ‘शीतल जल मंदिर’ का लोकार्पण, तपती गर्मी में राहगीरों को मिलेगी राहत

## पंचायत समिति परिसर में हुआ भव्य आयोजन, पक्षियों के लिए भी बांटे जल पात्र

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** भीषण गर्मी के बीच जनसेवा की एक सराहनीय पहल करते हुए भारत विकास परिषद, शाखा नीमराना द्वारा रविवार को पंचायत समिति परिसर में ‘शीतल जल मंदिर’ का भव्य लोकार्पण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राहगीरों एवं आमजन को स्वच्छ और शीतल पेयजल उपलब्ध कराकर तपती गर्मी से राहत दिलाना है। यह कार्य निस्वार्थ सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बलवान सिंह यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संतोष बलवान यादव की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष



गरिमा प्रदान की। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने इस जनहितकारी पहल की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सेवा और संवेदनशीलता की भावना को सशक्त बनाते हैं और अन्य संस्थाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत का काम करते हैं। उन्होंने भारत विकास परिषद के इस प्रयास को अनुकरणीय बताया। समारोह के दौरान केवल मानव सेवा ही नहीं, बल्कि जीव-जंतुओं के प्रति करुणा का भी संदेश दिया गया। इस क्रम में पक्षियों के लिए पानी के परिंदे यानी जल पात्र भी वितरित किए गए। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सामूहिक रूप से योगदान देते हुए पर्यावरण संरक्षण और मूक जीवों के प्रति दायित्व निभाने का संदेश समाज तक पहुँचाया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद, नीमराना के अध्यक्ष अनिल जांगिड़, सचिव शशांक भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सतवीर यादव, संरक्षक अमित यादव एवं सुधीर यादव तथा कार्यक्रम संयोजक सत्यप्रकाश जांगिड़ सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम में जिला सह-समन्वयक सत्यवीर यादव, सेवा प्रमुख प्रकाश चंद जांगिड़ (राठ शाखा बहरोड़), राजेंद्र जी एवं पंचायत समिति के समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही। इसके अलावा मुकेश गुप्ता, राजेंद्र यादव, जितेंद्र जांगिड़, प्रकाश जांगिड़ तथा डॉ. गुरेंद्र नाथ भारद्वाज सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। पूरे आयोजन में अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन न केवल एक जनसुविधा का उद्घाटन था, बल्कि समाज में सेवा, सहयोग और संस्कार की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सार्थक कदम भी साबित हुआ।

# कुम्हार समाज की मीटिंग आयोजित, समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित करने पर हुई चर्चा



**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर कुम्हार समाज की मीटिंग रविवार को कुमावत भवन में आयोजित हुई। कार्यक्रम के संयोजक मुकेश कुमावत ने बताया कि प्रधानाचार्य ताराचंद कुमावत की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में 14 जून को प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज के उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इसके साथ ही वर्ष 2018 के बाद विभिन्न सरकारी पदों पर चयनित हुए अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित करने पर सहमति बनी। मीटिंग में उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए तथा तैयारियों को लेकर विभिन्न जिम्मेदारियां तय की गईं। समाज के वरिष्ठजनों ने इस पहल को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण निरानिया , हरिराम प्रजापत, हरीश भाटीवाल, मुकेश कुमावत बनाई, नरेश भाटीवाल,कमल कुमावत, सुशील तुनवाल, पवन कुमार कारगवाल, नथमल घठेलवाल, केशर तुनवाल, जयकिशन कारगवाल, ताराचंद ठेकेदार, पवन कुमावत, सम्पत प्रजापत, मुकेश होदकाशिया, गिरीश कुमावत, राकेश मारवाल, जितेंद्र कुमावत सहित समाज के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# रैफल्स विश्वविद्यालय में ‘एडवांस्ड रिसर्च मेथडोलॉजी एंड टूल्स’ पर एक सप्ताह का एफडीपी शुरू

## शोधार्थियों को मिलेंगे आधुनिक शोध के गुर, पहले दिन प्लेज़रिज़्म और मेंडले सॉफ्टवेयर पर हुआ मंथन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** रैफल्स विश्वविद्यालय में सोमवार को संकाय सदस्यों एवं शोधार्थियों की शोध क्षमता और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ‘एडवांस्ड रिसर्च मेथडोलॉजी एंड टूल्स’ विषय पर एक सप्ताह के फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का भव्य शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित उद्घाटन सत्र की शुरुआत पंजीकरण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद विशिष्ट अतिथियों ने अपने औपचारिक संबोधन से कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। माननीय कुलपति प्रो. डॉ. राजेन्द्र सिंह सांगवान ने स्वागत भाषण देते हुए उच्च शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण शोध और नवाचार की अनिवार्यता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए विश्वस्तरीय शोध कार्य समय की मांग है। रजिस्ट्रार प्रो. संजय सक्सेना ने उद्घाटन टिप्पणी में



एफडीपी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, जबकि प्रो. दीपक दास ने अपने प्रेरणादायक संबोधन से प्रतिभागियों में नई ऊर्जा का संचार किया। इस पूरे कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मंजू लता द्वारा किया जा रहा है, जिसका मुख्य लक्ष्य परिसर में शोध संस्कृति को सुदृढ़ करना और शैक्षणिक उत्कृष्टता को नई ऊंचाई देना है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस का मुख्य भाषण शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा की एसोसिएट डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रचना बंसल ने दिया। डॉ. बंसल ने व्यवस्थित शोध पद्धतियों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शोध कार्य को उभरते वैश्विक शैक्षणिक मानकों के अनुरूप ढालना आज आवश्यक हो गया है। उन्होंने शोध की गुणवत्ता और प्रभाव को बढ़ाने में नैतिकता एवं नवाचारपूर्ण उपकरणों की भूमिका पर विशेष बल दिया। दिनभर चले तकनीकी सत्रों में शोध नैतिकता, साहित्यिक चोरी और अकादमिक ईमानदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। प्रतिभागियों को रेफरेंस मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर ‘मेंडले’ के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, जिससे वे शोध पत्रों को आसानी से व्यवस्थित और उद्धृत कर सकें। इन इंटरैक्टिव सत्रों ने प्रतिभागियों को आधुनिक शोध तकनीकों और उपकरणों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया, जिससे कार्यक्रम का पहला दिन बेहद उपयोगी और ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।

**कार्यालयः- शहीद हवलदार पृथ्वी सिंह रा.उ.मा.वि. अंग्रेजी माध्यम मोहनपुर झुंझुनूं (215802)**

क्रमांक- 470 दिनांक - 04.05.2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (समग्र शिक्षा) चिड़ावा के आदेश क्रमांक 158 दिनांक 02.05.2026 की अनुपालना में दिनांक 15.05.2026 को प्रातः 11.00 बजे विद्यालय परिसर में विद्यालय की आईसीटी लैब के नकारा/अक्रियाशील उपकरणों की सार्वजनिक नीलामी जिसकी पुस्तक क्रय मूल्य 1,17,550 रू. (एक लाख सत्रह हजार पाँच सौ पचास रुपये) है, इस हेतु गठित कमेटी द्वारा की जायेगी। जिसमें इच्छुक ई-वेस्ट निस्तारण रजिस्ट्रेड एवं जीएसटी धारक व्यक्ति/फर्म नियमानुसार अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते हैं। नीलामी की शेष शर्तें कार्यालय समय में विद्यालय में देखी जा सकती है।

प्रधानाचार्य
शहीद हवलदार पृथ्वी सिंह रा.उ.मा.वि. अंग्रेजी माध्यम मोहनपुर झुंझुनूं (215802)

**कार्यालयः- राजकीय बालिका उच्च्च माध्यमिक विद्यालय केहरपुरा कलां, ब्लॉक चिड़ावा, जिला- झुंझुनूं(राज.)**

क्रमांक- 1431 दिनांक-04.05.2026

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चिड़ावा के आदेश कमांक 158 दिनांक 02.05.2026 की अनुपालना में दिनांक 18.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे विद्यालय परिसर में विद्यालय की आइसीटी लैब के नकारा/अक्रियाशील उपकरणों की सार्वजनिक नीलामी जिसका क्रय मुल्य 185300 रू (एक लाख पिचासी हजार तीन सौ रूपये) है, इस हेतु गठित कमेटी द्वारा की जायेगी। जिसमें इच्छुक ई-वेस्ट निस्तारण रजिस्ट्रड एवं जीएसटी धारक व्यक्ति / फर्म नियमानुसार अमानत राशि जमा करवाकर बोली में भाग ले सकते है। नीलामी की शेष शर्ते कार्यालय समय में विद्यालय में देखी जा सकती है।

प्रधानाचार्य
रा. बा. उ. मा. विद्यालय केहरपुरा कलां (झुन्झुनूं)

# साइबर अपराधियों पर सख्त वार: 'अभेद्य एप' बना व्यापारियों का सुरक्षा कवच-एसपी निकिता खट्टर

## आईपीएस ने व्यापारिक वर्ग को किया जागरूक: एक्सटॉर्शन कॉल, फ्रॉड व धमकी से बचाव के लिए एप अपनाने पर जोर




**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस के नेतृत्व में जिला पुलिस लाइन स्थित सभागार हॉल में जिले के प्रमुख व्यापारियों, बैंक प्रबंधकों, होटल एवं गेस्ट हाउस संचालकों के साथ एक महत्वपूर्ण सुरक्षा समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेट्रोल पंप संचालक, आढ़ती, ज्वैलरी व्यवसायी, शराब ठेका धारक सहित विभिन्न व्यापारिक वर्गों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाना, व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा पुलिस-व्यापारी समन्वय के माध्यम से अपराध नियंत्रण में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

### अभेद्य एप पर विशेष जोर:

साइबर अपराध व रंगदारी से सुरक्षा का आधुनिक समाधान-इस अवसर पर एसपी निकिता खट्टर ने हरियाणा पुलिस द्वारा विकसित 'अभेद्य एप' के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए इसे आमजन, विशेषकर व्यापारिक वर्ग के लिए एक डिजिटल सुरक्षा कवच बताया।

### धमकी देकर पैसे की मांग करना

एक आम प्रवृत्ति बनती जा रही है। ऐसे में 'अभेद्य एप' नागरिकों को इन खतरों से बचाने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है। एसपी ने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे स्वयं तथा अपने कर्मचारियों के मोबाइल में अभेद्य एप अनिवार्य रूप से इंस्टॉल करें तथा किसी भी संदिग्ध कॉल या धमकी की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि 'सतर्क नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव हैं '।

# पश्चिम बंगाल जीत से भाजपा नेता दिनेश जोशी बड़ा सियासी कद पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर जगतदल विधानसभा क्षेत्र में संभाली कमान

### जगतदल से विधायक बने मुकुंदगढ़ निवासी आईपीएस डॉ राजेश सुरोलिया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के आए नतीजों में भाजपा को मिली प्रचंड जीत से क्षेत्र के दिग्गज नेता पूर्व चेयरमैन वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश जोशी का सियासी कद भी बढ गया है। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर अपने दस दिवसीय चुनावी दौरे पर गए जोशी को जगतदल विधानसभा क्षेत्र के चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी मिली जिसे जोशी ने अपने लंबे राजनैतिक अनुभव के दम पर जगतदल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश कुमार सुरोलिया सेवानिवृत्त आईपीएस व मुकुंदगढ़ निवासी की जीत में अहम भूमिका निभाई। जोशी ने रणनीतिक रूप से मीटिंग कर भाजपा की जीत की राह आसान की। जोशी को मुख्य रूप से जगतदल विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई जहां भाजपा प्रत्याशी ने करीब 20 हजार मतों से जीत दर्ज की। जोशी ने क्षेत्र में सघन प्रचार, इस क्षेत्र के आसपास के लोगों से संवाद कर प्रचार प्रसार कर बूथ मैनेजमेंट पर फोकस कर नुक्कड़ सभा की। जगतदल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश कुमार की जीत से निश्चित रूप से भाजपा नेता जोशी का पार्टी नेतृत्व की नजर में सियासी कद बढा है। पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर जोशी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने जमकर आतिशबाजी कर मिठाई वितरित कर जश्न मनाया।



## मंडावर में मंदिर माफी भूमि पर 'संग्राम', पुजारी से मारपीट के आरोप

# ठाकुर जी की जमीन को लेकर दो पक्षों में टकराव, सुरक्षा के दावों के बीच क्रॉस केस दर्ज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** क्षेत्र के नगरपालिका क्षेत्र स्थित ठाकुर राधावल्लभ जी विराजमान मंदिर की माफी भूमि इन दिनों विवादों के भंवर में फंसी हुई है, जहां हाईकोर्ट के सख्त पहरे और सुरक्षा के निर्देशों के बावजूद सामाजिक टकराव की स्थिति पैदा हो गई है। क्षेत्र के गाँव मंडावर निवासी और स्वयं को मंदिर का वंशानुगत पुजारी बताने वाले ताराचंद शर्मा ने खसरा नंबर 1452 से 1455 तक की भूमि पर अपना पारंपरिक हक जताते हुए आरोप लगाया है कि कुछ नामजद प्रभावशाली लोगों की नजर इस जमीन पर है। पुजारी के मुताबिक, वर्ष 1940 से उसका परिवार भगवान की सेवा-पूजा और इस भूमि पर काश्त करता आ रहा है, लेकिन अब बाहरी हस्तक्षेप के चलते शांति भंग हो रही है। पुजारी ने यह भी स्पष्ट किया है कि पूर्व में राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर ने इस संवेदनशील मामले में दौसा जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस को भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित करने व चारदीवारी को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए थे, लेकिन धरातल पर इन आदेशों की पालना महज कागजी साबित होती दिख रही है। बीती 01 मई को विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया जब मंदिर माफी भूमि पर पुजारी के साथ कथित तौर पर मारपीट की घटना सामने आई। घटना की सूचना मिलते ही मंडावर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में पुजारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावर ले जाया गया, जहां उसका मेडिकल परीक्षण करवाया गया। पीड़ित पुजारी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में मारपीट के साथ-साथ मोबाइल व नकदी छीनने के गंभीर आरोप भी लगाए हैं। दूसरी ओर, मामले में नया मोड़ तब आया जब विपक्षी खेमे की ओर से भी पुजारी के विरुद्ध एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न संगीन धाराओं में मामला दर्ज कराया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर गहन अनुसंधान शुरू कर दिया है। वहीं कानूनी विशेषज्ञों और जानकारों का कहना है कि उच्च न्यायालय द्वारा पूर्व में ही जिला कलेक्टर, उपखंड अधिकारी और तहसीलदार को भूमि की चारदीवारी और पुजारी की सुरक्षा को लेकर पाबंद किया गया था, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। बावजूद इसके, दिनदहाड़े हुए इस टकराव ने प्रशासनिक मुस्तैदी और कानून के इकबाल पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। पुलिस अब दोनों ओर से दर्ज हुए मुकदमों की बारीकी से जांच कर रही है ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

# टोहाना बार एसोसिएशन के भाजपाई सदस्यों ने भाजपा की प्रचंड जीत पर बांटे लड्डू

### पश्चिम बंगाल सहित अन्य दो राज्यों में भाजपा ने लहराया परचम- एडवोकेट ठाकुर प्रवीण सुनेहा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**




**रजत विजय रंगा ।** टोहाना के वकील समुदाय ने भाजपा की प्रचंड जीत पर खुशी जताई तथा लड्डू बांटे। भाजपा नेता व शिकायत निवारण कमेटी के सदस्य ठाकुर प्रवीण सुनेहा की अगुवाई में बार लिटिगेशन हाल में सभी वकीलों व मौजूद पब्लिक को लड्डू बांटे। सभी मौजूद वकीलों में टोहाना भाजपा के नेतागण सुभाष चन्द्र गर्ग एमसी, महादेव सिंगला, , सतपाल सिंगला,सोहन पंवार, कंवलजीत बेहमनी,कुलवंत जांगड़ा,ठाकुर प्रवीण सुनेहा, रमेश शर्मा ,सोहन सुनेहा,लव मलिक, प्रवीण दहिया,रवि सैनी, मोहित बंसल, रामसिंह, सहित अनेक एडवोकेट्स मौजूद रहे।इस अवसर पर अपनी खुशी जताते हुए भाजपा नेता व फतेहाबाद गरीवेन्स कमेटी के सदस्य एडवोकेट ठाकुर प्रवीण सुनेहा ने कहा कि भाजपा की पश्चिम बंगाल में जीत पूरे हिन्दुस्तान देशवासियों की जीत है।इस अवसर पर भाजपा के लीगल विंग के सभी पदाधिकारियों एडवोकेट एससी गर्ग, एडवोकेट सतपाल सिंगला, एडवोकेट महादेव सिंगला, एडवोकेट ठाकुर प्रवीण सुनेहा सहित अन्य भाजपा के लीगल विंग के पदाधिकारियों ने भाजपा की प्रचंड जीत पर सभी टोहाना व जिला फतेहाबाद के नागरिकों को बधाई दी।

# खाकी के इकबाल को चुनौती: थाने की नाक के नीचे से दिनदहाड़े बाइक पार

## मंडावर में चोरों के हौसले बुलंद, सब्जी लेने गए श्रमिक की बाइक ले उड़े उचक्के, मामला दर्ज

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** कस्बे में इन दिनों खाकी का खौफ काफूर होता नजर आ रहा है और शातिर चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे अब पुलिस थाने की दहलीज के पास भी वारदात करने से नहीं हिचक रहे हैं। कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए अज्ञात चोरों ने पुलिस थाने से महज 300 मीटर की दूरी पर स्थित सब्जी मंडी के बाहर से दिनदहाड़े एक गरीब श्रमिक की बाइक पार कर पुलिस की गश्त और मुस्तैदी के दावों की पोल खोल दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरदार चौकीदार की ढाणी, गढ़ हिम्मतसिंह निवासी श्रमिक विनोद कुमार पुत्र अमरसिंह मीणा बीते 28 अप्रैल को दिहाड़ी मजदूरी कर घर लौट रहा था। दोपहर करीब सवा एक बजे उसने सब्जी मंडी के बाहर मुख्य सड़क किनारे अपनी स्पलेंडर प्लस बाइक संख्या आरजे 29 एलएस 2787 खड़ी की और सब्जी लेने अंदर चला गया। महज 15 मिनट बाद जब वह वापस लौटा, तो वहां से बाइक नदारद देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित ने आसपास के इलाके और परिचितों के यहां काफी तलाश की, लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी बाइक का कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

पीड़ित श्रमिक ने बताया कि चोरी हुई बाइक साल 2026 मॉडल की है, जो उसकी मेहनत की कमाई का सहारा थी। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र के व्यापारियों और आमजन में असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। मामले को लेकर पीड़ित ने मंडावर थाने में रिपोर्ट दी है, जिस पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की तफ्तीश एएसआई हरदयाल को सौंपी है।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का जन्मदिन केक काटकर मनाया




**भीम प्रज्ञा न्यूज.उदयपुरवाटी।**

**सुमेर मीणा ।** निकटवर्ती ग्राम नांगल में रविवार को शाम कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश जमालपुरिया के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का 75 व जन्मदिन केक काटकर व मिठाई बाटकर हॉर्स और उल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उदयपुरवाटी के विधायक भगवान राम सैनी रहे विशिष्ट अतिथि विष्णु सिंगोदिया प्रदेश महासचिव कांग्रेस पर्यावरण प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल सैनी राजेश सैनी अध्यक्ष सीकर रामावतार सैनी सीकर भुदाना बोर्ड की सदस्य मीनू सैनी पार्षद गोविंद वाल्मीकि राधेश्याम रचयिता अमित कच्छावा पिंटू स्वामी रमेश सैनी मोहनलाल सैनी हंस वर्मा राजेंद्र प्रसाद फूलचंद मिस्त्री किशोर सैनी पत्रकार मुकेश सैनी चिराना डॉ मुकेश बागड़ी श्रीमती शांति देवी पवन सैनी मुमताज कुरैशी दिनेश मिटावा मालीराम फौजी गोपाल सैनी केशव देव सैनी किसी कटारिया अविनाश सैनी आदि लोग उपस्थित थे। डॉ साध्वी योगश्री नाथ योगीश्वर महादेव सिद्धपीठ सरजुसागर कोटबाँध कार्यक्रम की अध्यक्षता की। राकेश जमालपुरिया ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने किया।

# मंडावा में तेज हवाओं के साथ तेज बारिश , गिरे बेर के आकार के ओले

### सड़कों पर जलभराव, यातायात सहित राहगीरो को उठानी पड़ी परेशानी

### मंडावा सहित आसपास के क्षेत्रों में भी हुई ओलावृष्टि, तेज हवाएं, ओले और बारिश– तीनों ने मिलकर बढ़ाई मुश्किलें।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**




**पवन कुमार शर्मा ।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में रविवार शाम अचानक मौसम ने करवट बदलते हुए लोगों को हैरान कर दिया। तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इस दौरान बेर के आकार के बड़े-बड़े ओले गिरने लगे, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। ओलावृष्टि और मूसलाधार बारिश के कारण शहर की सड़कों पर पानी भर गया और कई इलाको में पानी का भराव भी हो गया जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़कों पर जलभराव होने से राहगीरों और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर पानी जमा होने से यातायात भी बाधित हुआ और लोगों को आने-जाने में कठिनाई हुई। मंडावा के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी इसी तरह का मौसम देखने को मिला, जहां ओलावृष्टि हुई है। अचानक बदले मौसम ने गर्मी से थोड़ी राहत जरूर दी, लेकिन तेज हवाओं, ओलों और बारिश के कारण लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई।

# नशा मुक्त समाज की ओर बढ़ता कदम: जाखल में जागरूकता रैली के माध्यम से दिया गया सशक्त संदेश



### एसपी निकिता खट्टर ने युवाओं को अनुशासन, संवाद और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जाखल।**

**रजत विजय रंगा ।** समाज को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से फतेहाबाद पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों के तहत सोमवार को भारत विकास परिषद, शाखा जाखल के सहयोग से शहर में नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम एवं विशाल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद निकिता खट्टर, आईपीएस ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की ,इस अवसर पर डीएसपी टोहाना जय भगवान, थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, नशा मुक्ति टीम इंचार्ज उपनिरीक्षक सुंदर लाल, समाजसेवी आदित्य बंसल तथा कर्नल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश राठी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधारोपण से किया गया, जिसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। इसके उपरांत स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत आरंभ हुआ। महिला मंडल द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जीवन के मूल्यों से जोड़ते हुए कहा कि सफलता का मार्ग मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से होकर गुजरता है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि चुनौतियां हर किसी के जीवन में आती हैं, लेकिन निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से उन्हें पार किया जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए खतरा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों के साथ समय बिताएं, उनके मित्र बनें और उनके मन की बात समझने का प्रयास करें, क्योंकि मजबूत पारिवारिक संवाद ही बच्चों को गलत रास्तों से दूर रख सकता है।

एसपी ने कहा कि नशा व्यक्ति की सोच, स्वास्थ्य और भविष्य–तीनों को प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को 'नशे से दूरी है जरूरी' का संकल्प दिलाते हुए खेल, शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक गतिविधियों को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात कर्नल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, नर्सिंग कॉलेज एवं अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा शहर में विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' जैसे नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया।शहरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर रैली का स्वागत करते हुए इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। इस अवसर पर पार्षद संजीव शर्मा, रतनलाल चांदपुरिया, मुकेश गर्ग, स्वर्ण सिंह कला, ऋषभ जैन, आशीष बंसल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# उपायुक्त ने ली जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

## डीसी के निर्देश, अवैध कटों को दस दिन में बंद करें

### अप्रैल में 274 ओवर लोड वाहनों पर 1.98 करोड़ का जुर्माना लगाया

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**



हरियाणा सरकार के सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आज लघु सचिवालय में उपायुक्त अनुपमा अंजली की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति और सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सड़क सुरक्षा को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। इस बैठक में डीसी ने सबसे पहले महावीर चौक से लहरोदा बाईपास तक अवैध कटों को 2 सप्ताह के अंदर-अंदर बंद करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उन्होंने 152-डी एक्सप्रेसवे के साइड में बने अवैध ढाबों को भी तुरंत प्रभाव से बंद करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा जिला प्रशासन तथा सरकार का प्रथम दायित्व है। सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में स्कूल बसों व कौचिंग की लगातार चेकिंग करेंगे। जिन बसों में छात्राएं हैं, वहां पर महिला कंडक्टर की नियुक्ति भी सुनिश्चित की जाए। डीसी ने बताया कि जिला में एम्बुलेंस का औसत रिस्पांस टाइम अब मात्र 7 मिनट 44 सेकेंड है। यह बहुत ही बेहतरीन है।? उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा एक महीने में 8 हजार लोगों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देना एक बड़ी उपलब्धि है।

सचिव आरटीए मनोज कुमार ने बैठक में एजेंडा रखते हुए अब तक हुई प्रगति की जानकारी दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक भी मौजूद रहे, जिन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करवाने और अवैध कटों को बंद करने के संबंध में पुलिस विभाग की कार्ययोजना साझा की। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि पुलिस और परिवहन विभाग मिलकर ओवरलोडिंग पर लगाम लगाएं ताकि हादसों को पूरी तरह रोका जा सके। इस पर सचिव आरटीए ने बताया कि अप्रैल माह में 274 ओवर लोड वाहनों पर लगभग 1.98 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दीपक, नारनौल एसडीएम अनिरुद्ध यादव, महेंद्रगढ़ एसडीएम योगेश सैनी, नांगल चौधरी एसडीएम उदय सिंह, कनीना एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, नगराधीश डॉ मंगलसेन, डीएमसी रणवीर सिंह के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# सीआईए टोहाना टीम की बड़ी कामयाबी: 35.47 ग्राम हेरोइन सहित पंजाब का नशा तस्कर काबू

### आरोपी को पीली रंग की TVS मोटरसाइकिल सहित किया काबू

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना/जाखल।**

**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराध अनुसंधान शाखा (सीआईए) टोहाना की टीम ने एक अंतरराज्यीय नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से 35.47 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद की गई है। आरोपी की पहचान जगसीर खान उर्फ जग्गी पुत्र हजारा खान, निवासी लदाल (जिला संगरूर, पंजाब) के रूप में हुई है। सीआईए टोहाना प्रभारी उप निरिक्षक अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान जाखल एरिया में मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि आरोपी मोटरसाइकिल पर नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए कुदनी हेड रोड पर किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना को पुख्ता मानकर पुलिस टीम ने घेराबंदी की और मौके से मोटरसाइकिल सहित आरोपी को काबू कर लिया व नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 35.47 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना जाखल में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21B, 61, 85 के तहत मुकदमा नंबर 53/2026 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया । आरोपी की मोटरसाईकिल व नशीले पदार्थ को कब्जा पुलिस में लिया गया । आरोपी से मामले में गहनता से पुछताछ कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी ।

# फतेहाबाद साइबर पुलिस की सराहनीय पहल– गुम मोबाइल बरामद कर लौटाए, लोगों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

## तकनीक और सतर्कता के समन्वय से 13 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक रिकवर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस के निर्देशन में साइबर थाना फतेहाबाद ने तकनीक का प्रभावी और सटीक उपयोग करते हुए उत्कृष्ट पुलिसिंग का उदाहरण प्रस्तुत किया है। साइबर टीम द्वारा विभिन्न शिकायतों में गुम हुए 13 मोबाइल फोन ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए, जिनकी अनुमानित कीमत लाखों रुपये है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान एसपी ने मोबाइल फोन मालिकों को व्यक्तिगत रूप से उनके फोन लौटाए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और तकनीक के माध्यम से ऐसे मामलों में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा रहे हैं। साइबर थाना फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने आईएमईआई आधारित ट्रेसिंग, लोकेशन विश्लेषण तथा डिजिटल सर्विलांस के माध्यम से यह सफलता हासिल की। पूरे अभियान के दौरान शिकायतों की गहन जांच, डेटा विश्लेषण और त्वरित फॉलो-अप को प्राथमिकता दी गई। मोबाइल फोन वापस पाने वाले नागरिकों ने बताया कि फोन गुम होने के बाद उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, लेकिन फतेहाबाद पुलिस की तत्परता और तकनीकी प्रयासों से उन्हें बड़ी राहत मिल सके,एसपी ने कहा कि गुम हुए मोबाइल फोन लौटाना केवल एक तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि पुलिस की संवेदनशील, जिम्मेदार और जनहितैषी कार्यशैली का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि साइबर थाना फतेहाबाद न केवल साइबर अपराधों की रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, बल्कि आम नागरिकों की दैनिक समस्याओं के समाधान के लिए भी पूरी तत्परता से कार्य कर रहा है।? फतेहाबाद पुलिस की यह पहल जनसेवा, तकनीकी दक्षता और जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भूना पुलिस की नशा तस्करों पर बड़ी कार्यवाही: हेरोइन तस्करी मामले में मुख्य सप्लायर 'ललित' काबू

### आरोपी महेंद्र की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने मुख्य सप्लायर तक पहुँचने में पाई सफलता-

### फतेहाबाद के गुरु नानक पुरा मोहल्ले का रहने वाला है आरोपी मुख्य सप्लायर ललित-

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना/भूना।**



**रजत विजय रंगा ।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भूना पुलिस ने हेरोइन तस्करी के मामले में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में गहनता से जांच करते हुए मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है।आरोपी की पहचान ललित पुत्र जगदीश, निवासी गली नंबर 7, गुरु नानक पुरा मोहल्ला, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना भुना प्रभारी उप निरिक्षक ओमप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि अप्रैल 2026 को पुलिस टीम गश्त के दौरान श्रीराम नर्सरी एंड गार्डन, भूना के पास मौजूद थी। पुलिस ने संदेह के आधार पर मोटरसाइकिल सवार एक युवक को काबू किया कर नियमानुसार तलाशी ली गई थी । तलाशी के दौरान 6.83 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई थी।?जिस पर आरोपी के खिलाफ थाना भूना में NDPS एक्ट की धारा 21(B), 61, 85 के तहत मुकदमा नंबर 103/2026 दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था । अब पुलिस टीम द्वारा गहनता से जांच करने पर मामले में मुख्य सप्लायर ललित को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# साइबर ठगी की रकम वापस: 1930 पर त्वरित शिकायत और पुलिस की सख्ती से 6900 रुपये लौटे

## अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशों से तेज कार्रवाई, पीड़ित ने जताया आभार।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लालसोट।**



**मनोज खंडेलवाल ।** थाना क्षेत्र के खोहरा पाड़ा निवासी बीमा एजेंट आशीष खंडेलवाल के साथ 5 अप्रेल 2026 की रात्रि को हुई साइबर ठगी का मामला पुलिस की सजगता और समय पर की गई कार्रवाई के चलते राहत भरे अंजाम तक पहुंचा। बिना किसी ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी साझा किए ही उसके बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड से करीब 6900 रुपये का संदिग्ध ट्रांजेक्शन हो गया। घटना का पता अगले दिन चलते ही आशीष ने बिना देर किए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जिससे मामले ने तत्काल गति पकड़ी। प्रकरण को लेकर आशीष ने लालसोट के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सीपा से मुलाकात कर पूरी स्थिति से उन्हें अवगत कराया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने मामले को प्राथमिकता में लेते हुए स्थानीय पुलिस थाना की साइबर टीम को तत्काल प्रभाव से आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए और पीड़ित को आश्वस्त किया कि कानूनी प्रक्रिया के तहत राशि वापस दिलाई जाएगी। पुलिस के निर्देशन में साइबर टीम ने मामले को तकनीकी स्तर पर समन्वित करते हुए तेजी से कार्रवाई की इसके बाद करीब दस दिन पूर्व ठगी गई पूरी राशि आशीष के क्रेडिट कार्ड खाते में वापस जमा हो गई। आशीष को इसकी पुष्टि इस माह का क्रेडिट कार्ड बिल जनरेट होने पर हुई, जिससे उसे बड़ी राहत मिली। राशि वापसी की जानकारी मिलते ही आशीष खंडेलवाल खुशी से अभिभूत होकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और विनोद कुमार सीपा का आभार व्यक्त किया। इस दौरान सीपा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहना समय की आवश्यकता है और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि होते ही तुरंत 1930 पर शिकायत करना सबसे प्रभावी उपाय साबित हो रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कानून की सीमाओं के भीतर रहकर हर पीड़ित को त्वरित राहत दिलाने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

# समाधान शिविर में डीसी अनुपमा अंजली ने सुनीं 73 शिकायतें



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नारनौल।**

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान हो रहा है। इसी कड़ी में आज स्थानीय लघु सचिवालय में आयोजित शिविर के दौरान उपायुक्त अनुपमा अंजली ने 73 नागरिकों की समस्याओं को विस्तार से सुना। इस दौरान पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों के समाधान के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक भी मौजूद रहे। इस मौके पर डीसी ने कहा कि यह मंच नागरिकों की शिकायतों को एक ही छत के नीचे और बेहद कम समय में सुलझाने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासन का मुख्य लक्ष्य शिकायतों का त्वरित निस्तारण करना है। यदि कोई मामला ऐसा होता है जिसका समाधान मुख्यालय स्तर पर होना है, तो उसके लिए भी जिला अधिकारी लगातार उच्च अधिकारियों के संपर्क में रहते हैं ताकि किसी भी काम में अनावश्यक देरी न हो।

डीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि इन शिविरों की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुख्यमंत्री स्वयं इनकी प्रगति की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री न केवल अधिकारियों से रिपोर्ट लेते हैं, बल्कि आम जनता से भी फीडबैक प्राप्त कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर नागरिक की शिकायत पर निष्पक्ष और जल्द कार्रवाई हो रही है। इस मौके पर डीएमसी रणवीर सिंह तथा नगराधीश डॉ मंगलसेन के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# बेटे की मौत के बाद पिता को आया हार्ट अटैक,मौत

### सदमें में थे, सड़क हादसे में गई थी बेटे की जान

**भीम प्रज्ञा न्यूज**





**सांचौर ।** सांचौर के दाता गांव में सड़क हादसे में बेटे की मौत के बाद पिता की भी हार्ट अटैक से मौत हो गई। बेटे का एक हादसे में निधन हो गया था, जिसके बाद से पिता सदमे में चल रहे थे। जानकारी के अनुसार-सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी बाबूजी खिलेरी का निधन हृदय गति रुकने से हुआ है। वे अपने इकलौते बेटे की असामयिक मौत से सदमे में थे। कुछ दिन पहले ही उनके बेटे डॉ. शैलेश बिश्नोई की पाली में एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। बेटे के निधन के बाद से परिवार गहरे सदमे में था, जिसका असर पिता के स्वास्थ्य पर पड़ा।

# टोहाना के बजरंग मॉडल स्कूल के विधार्थियों ने जादुगरी का उठाया लुत्फ़

### बजरंग मॉडल स्कूल के डायरेक्टर विनय वर्मा ने स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा ।** बजरंग मॉडल स्कूल के बच्चों ने जादू शो का उठाया भरपूर आनंद आजाद नगर स्थित बजरंग मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने एक रोमांचक जादूगर सम्राट सूर्य शो का आनंद लिया। इस विशेष कार्यक्रम में बच्चों ने जादूगर द्वारा प्रस्तुत किए गए हैरतअंगेज करतबों को बड़े उत्साह और उत्सुकता के साथ देखा। जादूगर ने एक से बढ़कर एक अद्भुत ट्रिक्स दिखाकर बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कभी खाली हाथ से वस्तुएं प्रकट करना तो कभी चीजों को गायब कर देना—इन सभी करतबों ने बच्चों को आश्चर्यचकित कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बच्चों की तालियों और खुशी से माहौल गूंजता रहा। स्कूल निदेशक विनय वर्मा और प्रिंसिपल अंजू वर्मा ने बताया कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों के मानसिक विकास और मनोरंजन के लिए बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों की जिज्ञासा बढ़ती है और वे नई चीजें सीखने के लिए प्रेरित होते हैं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने जादूगर के साथ बातचीत कर कई ट्रिक्स के पीछे के रहस्यों को जानने की कोशिश भी की। यह जादू शो विद्यार्थियों के लिए यादगार अनुभव साबित हुआ।

# हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक चौधरी भजनलाल के खिलाफ बयानबाजी करने पर कार्यवाही की मांग



### सर्व समाज महासभा ने रेखा शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए ईश्वर बोस्तीकी अगुवाई में दी शिकायत

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** टोहाना में रेखा शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने के लिए ईश्वर बोस्ती की अगुवाई में सर्व समाज महासभा के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा थाना सदर टोहाना में कार्यवाही बारे दरखास्त दी गई इस अवसर पर ईश्वर बोस्ती के साथ चौधरी रामेश्वर बिश्नोई, चौधरी दलबीर सिंह पूर्व सरपंच पिरथला, रामफल पूर्व सरपंच ठरवी, दीपक नागपाल,गुरु प्रसाद टोहाना,विपिन ठरवा, एडवोकेट विष्णु गोदारा पिरथला, दलित युवा नेता रजत रंगा, जय प्रकाश जांगड़ा जेपी नंबरदार, सुरेंद्र मेहता, मनोज सैक्ट्री, शिव कैलाश, मंगत ठरवा, सुनील पिरथला, सज्जन ईदाछौई,चंद्र मोहन ठरवा, दलित समाज के प्रवक्ता जगदीश दहिया,नरेश बाल्मीकि, रामसिंह डारा,सोमन ठरवा मौजूद रहे।इस अवसर पर मौजूद सर्व समाज के नेताओं ने थाना सदर टोहाना के एस एच ओ को कहा कि चौधरी भजनलाल हमारे हरियाणा की राजनीति में एक हस्ती रहें हैं और उनके खिलाफ किसी तरह की ब्यान बाजी बर्दास्त नहीं की जाएगी। शिकायत के बाद ईश्वर बोस्ती ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि चौबीस घंटे तक अगर एफ आई आर दर्ज नहीं हुई तो कल के बाद पुलिस थाना के सामने सर्व समाज महासभा के कार्य कर्ता धरने पर बैठ जाएंगे।

# टोहाना एसडीएम आकाश शर्मा आई ए एस ने विभिन्न गांवों का दौरा कर जनगणना कार्य का लिया जायजा; प्रगणकों का किया मार्गदर्शन

### जनगणना के प्रथम चरण के तहत घर-घर जाकर किया जा रहा मकान सूचीकरण का कार्य

### नागरिकों से सही जानकारी उपलब्ध करवाने और कर्मचारियों का सहयोग करने का किया आह्वान

**भीम प्रज्ञा न्यूज.टोहाना।**



**रजत विजय रंगा, ।** एसडीएम आकाश शर्मा ने गांव इंदाछोई, अकावाली, जमालपुर, खनौरा और हैदरवाला का दौरा कर जनगणना 2027 के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सुपरवाइजर और प्रगणकों के साथ बैठक कर मकान सूचीकरण कार्य को व्यवस्थित और सटीक ढंग से पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम ने कहा कि जनगणना का यह चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसके तहत 1 मई से जिले में मकान सूचीकरण का कार्य शुरू हो चुका है और यह 30 मई तक जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया के दौरान घर-घर जाकर परिवारों से 33 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित की जाएगी, जिससे भविष्य की योजनाओं के निर्माण में सहायता मिलेगी। उन्होंने सभी संबंधित कर्मचारियों को समन्वय बनाकर कार्य करने का मार्गदर्शन किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि यह कार्य ब्लॉक स्तर पर विभाजित किया गया है, ताकि प्रत्येक क्षेत्र में सुव्यवस्थित ढंग से जानकारी एकत्रित की जा सके। प्रगणक नागरिकों से सीधे संपर्क कर जानकारी एकत्रित कर रहे हैं, वहीं सुपरवाइजर को इस कार्य की निगरानी और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने सभी को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से कार्य करने के निर्देशित किया। एसडीएम ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जानकारी देते समय सजग रहें और यह ध्यान रखें कि गणनाकर्ता किसी भी व्यक्ति से आधार कार्ड नंबर, पैन कार्ड नंबर, बैंक खाता विवरण या ओटीपी जैसी संवेदनशील जानकारी नहीं मांगेंगे। उन्होंने नागरिकों को सही और सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए आह्वान किया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, सुपरवाइजर, प्रगणक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## चितलवाना के किसान आमरण अनशन पर बैठेंगे:

# सोलर परियोजना में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता की मांग, सौंपा ज्ञापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज**



**सांचौर ।** सांचौर के चितलवाना उपखंड क्षेत्र के अकोड़िया और आसपास के गांवों के किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें समय पर पूरी नहीं हुईं, तो वे आमरण अनशन और भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे। किसानों ने ज्ञापन में बताया कि वे वर्ष 1971 से संबंधित जमीन पर रह रहे हैं। उनके पास बिजली कनेक्शन और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकान भी हैं। इसके बावजूद, एक सोलर कंपनी द्वारा चारदीवारी का निर्माण किया जा रहा है, जिससे उनके घरों से निकलने और पशुओं को रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बच रही है। किसानों का आरोप है कि उनकी गैर-खातेदारी भूमि को भी बिना उचित प्रक्रिया के सोलर परियोजना के लिए उपयोग में लिया जा रहा है। उन्होंने ये भी बताया कि कंपनी बाहरी मजदूरों को काम पर लगा रही है, जबकि स्थानीय युवा बेरोजगार हैं। किसानों ने स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने की मांग की है।

# आईपीएल में आज होगा सीएसके और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली का लक्ष्य जीत के साथ ही प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें बनाये रखना रहेगा। दिल्ली ने अब तक खेले गए नौ मैचों में से चार में जीत हासिल की है जबकि उसे पांच में हार का सामना करना पड़ा है और वह अंक तालिका में सातवं स्थान पर है। वहीं दूसरी ओर सीएसके ने अबतक नौ मैचों में चार जीत हासिल की है और वह भी 6 अंक लेकर छठे स्थान पर है। नेट रन रेट बेहतर होने के कारण वह दिल्ली से अंक तालिका में ऊपर है।

पिछले मैच में मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत से भी सीएसक टीम उत्साहित है। उसके कप्तान रुतुराज गायकवाड़ भी फार्म में आ गये हैं जिससे टीम की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। टीम के पास संजू सैसमन जैसा बल्लेबाज भी है। सैमसन ने अब तक दो शतक लगाये हैं। जहां तक गेंदबाजी की बात है दोनो ही टीमों के पास अच्छे गेंदबाज हैं। दिल्ली के पास मिचेल स्टार्क के अलावा कुलदीप यादव और टी नटराजन जैसे गेंदबाज हैं। वहीं सीएसके के पास अंशुल कंबोज और मुकेश चौधरी व नूर अहमद हैं।

अक्षर पटेल की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी केएल राहुल के अलावा ट्रिस्टन स्टब्स और पथुम निसांका पर आधारित रहेगी।

दोनो ही टीमों के बीच अबतक 32 मुकाबले हुए है, इनमें से दिल्ली कैपिटल्स ने 12 जबकि चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 मैच जीते हैं।





### टीम इस प्रकार है

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), उर्विल पटेल, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, जेमी ओवरटन, रामकृष्ण घोष, प्रशांत वीर, नूर अहमद, अंशुल कंबोज और मुकेश चौधरी, इम्पैक्ट प्लेयर: कार्तिक शर्मा

**दिल्ली कैपिटल्स:** अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), पथुम निसांका, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, नितीश राणा, आशुतोष शर्मा, काइल जैमीसन, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव और टी नटराजन, इम्पैक्ट प्लेयर: आशुतोष शर्मा

# आरसीबी को झटका, चोटिल होने के कारण इंग्लैंड वापस गये सॉल्ट



**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेल रहे इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट चोटिल होने के कारण स्वदेश लौट गये हैं। माना जा रहा है कि कि सॉल्ट उंगली में लगी चोट की जांच और इलाके लिए अपने घर गये हैं। साल्ट के स्वदेश लौटने से आसीबी की बल्लेबाजी प्रभावित हुई है। इससे उनकी टीम आरसीबी की खिताब बचाने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सॉल्ट को यह चोट दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में लगी थी। बाउंड्री लाइन के पास एक शॉट लगाते समय उनकी बाएं हाथ की उंगली में काफी चोट आई थी। जिसके बाद से ही वह खेल से दूर हैं। चोट इतनी गंभीर हैं कि फ्रेंचाइजी को उन्हें जांच और इलाके लिए स्वदेश भेजना पड़ा।

आरसीबी ने अभी तक सॉल्ट की चोट की गंभीरता और उनके इंग्लैंड रवाना होने को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है, जिससे भी प्रशंसक साल्ट की वापसी को लेकर आशंकित हैं। सॉल्ट के बाहर होने से उनकी जगह पर इंग्लैंड के ही युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल को शीर्ष क्रम में अवसर मिला है। इस सत्र में साल्ट ने 6 पारियों में 168.33 के शानदार स्ट्राइक रेट से कुल 202 रन बनाए थे। उनकी विस्फोटक बल्लेबाजी ने विपक्षी गेंदबाजों पर दबाव बनाया था और टीम के मध्यक्रम के लिए एक मजबूत मंच तैयार किया था। उनकी अनुपस्थिति में टीम की शुरुआत धीमी पड़ रही है, जिसका सीधा असर कुल स्कोर पर दिख रहा है।रिपोर्ट के अनुसार, सॉल्ट और टीम मैनेजमेंट दोनों को उम्मीद है कि वह इस महीने के अंत तक भारत लौटकर टीम के साथ जुड़ सकते हैं, बशर्ते उनकी चोट की स्थिति में सुधार हो।

# अश्विन बोले, धोनी को अपनी गेंदबाजों पर रहता था पूरा भरोसा

**–मेरे लिए कभी फील्डिंग नहीं सजाई**

**चेन्नई (एजेंसी)।** पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि जितना भरोसा उनको गेंदबाजों पर रहता था उतना किसी और में नहीं देखा है। अश्विन ने धोनी की कप्तानी कौशल के लिए नहीं, बल्कि उनकी विकेटकीपिंग और खेल के प्रति स्पष्ट सोच के लिए है। अश्विन ने स्पष्ट किया कि उन्हें स्पिनरों के सामने धोनी जैसी विकेटकीपिंग करते हुए किसी और को नहीं देखा है।

अश्विन ने कहा कि लोग धोनी की शानदार कप्तानी की बहुत तारीफ करते हैं, और उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है, लेकिन उनके लिए धोनी की दो विशेषताएं सबसे अलग हैं। पहली, एक मध्य क्रम के बल्लेबाज के रूप में उनकी क्षमता, जो खेल को आखिर तक ले जाकर अनुकूल परिणाम में बदल सकते थे। और दूसरी, स्पिन गेंदबाजों के सामने उनकी अद्भुत विकेटकीपिंग, जिसमें उन्हें कोई सानी नहीं।अश्विन ने धोनी के अपनी गेंदबाजों पर भरोसे को भी याद किया। उन्होंने बताया, धोनी ने कभी मेरे लिए फील्डिंग नहीं सजाई। मैं अपनी फील्डिंग स्वयं जमाता था। धोनी उन्हें बस एक सरल सलाह देते थे- दोहरा अनुमान मत लगाओ। पहले से कुछ मत सोचो। अगर तुम्हारी गेंद पर कोई बड़ा शॉट लगता है, तो कोई बात नहीं। अगर कोई जोखिम लेता है तो लेने दो। बस अपनी तय फील्डिंग के हिसाब से गेंदबाजी करो। इस बात से अश्विन को महसूस होता था कि धोनी को उन पर पूरा विश्वास था।

इस भरोसे और धोनी की सजगता का एक उदाहरण देते हुए अश्विन ने 2011 के आईपीएल फाइनल को याद किया, जब धोनी ने क्रिस गेल को शून्य पर आउट करने के लिए स्टंप के पीछे एक शानदार कैच लपका था। अश्विन के अनुसार, आप मैच की रणनीति और विकेट गिरने के बारे में बात कर सकते हैं, लेकिन धोनी ने जिस तरह से वह कैच पकड़ा, वह वास्तव में लाजवाब था। अश्विन ने अपने आईपीएल करियर (2009-25) में कुल 221 मैचों में 187 विकेट लिए हैं, जो उनकी लंबी और सफल यात्रा का प्रमाण है।धोनी के साथ अपने अनुभवों के अलावा, अश्विन ने अपने स्वयं के आईपीएल करियर के उतार-चढ़ाव पर भी बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि 2018-19 में पंजाब किंग्स की कप्तानी करने के बावजूद, वह उस टीम के साथ पूरी तरह से जुड़ नहीं पाए। उन्होंने कहा, पंजाब ने मुझे 2018 में चुना और मैंने अपना पूरा प्रयास किया, लेकिन मुझे ऐसा लगता है कि मैं उस टीम को वास्तव में अपनी टीम नहीं बना पाया। कप्तान के तौर पर शायद मैंने बहुत कुछ हासिल न किया हो, लेकिन इस दौरा मुझे सीखने को बहुत कुछ मिला।हालांकि, राजस्थान रॉयल्स के साथ बिताए अपने समय को अश्विन ने सबसे संतोषजनक बताया।

# पंजाब किंग्स को हराकर पांचवे नंबर पर पहुंची गुजरात, मुम्बई हुई बाहर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में पंजाब किंग्स को हराकर अपनी प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखी हैं। गुजरात अब पांचवें स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं मुम्बई इंडियंस की टीम प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। पंजाब की टीम हार के बाद भी नंबर एक पर बनी हुई है। गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में साई सुदर्शन की 57 रनों की आक्रामक पारी से जीत हासिल की। गुजरात की गेंदबाजी भी हावी रही और उसने पंजाब को 163 रन ही बनाने दिये। इसके बाद जीत का लक्ष्य हासिल करने उतरी टाइटंस के लिए सुदर्शन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को अहम जीत दिलाई। अंक तालिका में पंजाब किंग्स नंबर एक पर बनी रही।



वहीं पंजाब किंग्स 9 मैचों में 6 जीत, 2 हार और एक मैच का परिणाम नहीं निकलने कारण 13 अंक लेकर शीर्ष पर बनी हुई है। वहीं, गुजरात टाइटंस, इस जीत के बाद 10 मैचों में 6 जीत दर्ज करते हुए 12 अंक लेकर अंक तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गयी है। अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है, जिसने पंजाब जितने ही 9 मैच खेलकर 6 जीत और 3 हार के साथ 12 अंक हासिल किए हैं। इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स भी 12 अंकों के साथ ही तीसरे और चौथे स्थान पर बरकरार हैं। वहीं हैदराबाद ने 10 मैच खेले हैं और रॉयल्स को भी इतने ही मैचों में जीत मिली है। इन तीनों टीमों के बीच नेट रन रेट के आधार पर कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है, जो प्लेऑफ की दौड़ को और भी दिलचस्प बना रही है।

मध्य तालिका में चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स दोनों ने 9 मैच खेलकर 4 जीत दर्ज की हैं और 8 अंकों के साथ छठे व सातवें स्थान पर हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 9 में से 3 मैच जीतकर 6 अंक हासिल किए हैं और आठवें स्थान पर है।

वहीं अंक तालिका में मुम्बई इंडियंस 9 मैचों में सिर्फ 2 जीत के साथ ही 4 अंक हैं और वह नौवें स्थान पर हैं। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए, मुंबई के लिए प्लेऑफ की रेस अब लगभग समाप्त हो चुकी है।वहीं सबसे निचले स्थान पर लखनऊ सुपर जायंट्स है, जिसने 8 मैचों में केवल 2 जीत दर्ज की हैं और उसके भी 4 ही अंक हैं।

## चहल को एक ओवर दिये जाने से कैफ हैरान

नई दिल्ली । पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने स्पिनर युजवेंद्र चहल को कम गेंदबाजी दिये जाने की पंजाब किंग्स की रणनीति पर सवाल उठाये हैं। ।कैफ के अनुसार पंजाब को चहल की क्षमताओं पर भरोसा बनाये रखना चाहिये।कैफ के अनुसार गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में जिस प्रकार से चहल को कम गेंदबाजी मिली उससे मुझे हैरानी हुई है।इस मैच में पंजाब किंग्स को हार का सामना करना पड़ा था।इस हार के बाद से ही पंजाब की गेंदबाजी रणनीति पर सवाल उठ खड़े हुए हैं।इसी को लेकर कैफ ने कहा था कि आईपीएल इतिहास के सबसे सफल गेंदबाजों में से एक होने के बाद भी चहल को केवल एक ही ओवर दिये जाने पर उन्हें हैरानी हुई है जबकि वह अपनी कलात्मक लेग-स्पिन और विकेट लेने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं।कैफ के अनुसार चहल ने आईपीएल में कुल 228 विकेट लिए हैं और उनका नाम सबसे अधिक विकेट लेने वालों में शामिल है।इसमें से उन्होंने काफी विकेट चिन्नास्वामी स्टेडियम जैसी सपाट पिचों पर लिए थे जहां गेंदबाजों को काफी कम सहायता मिलती है।हालांकि, कैफ ने पिच की स्थितियों को भी ध्यान में रखा और स्वीकार किया कि शायद पिच पर घास मौजूद होने के कारण टीम की रणनीति प्रभावित हुई हो।

# जैनिक सिनर ने जीता मैड्रिड ओपन का खिताब, फाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया



मैड्रिड ।विश्व नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर मैड्रिड ओपन का खिताब अपने नाम किया।इटली के दिग्गज जैनिक सिनर ने जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 6-1, 6-2 से हराकर, अपने करियर में पहला मैड्रिड ओपन का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ सिनर लगातार पांच एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब (पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे-कार्लो, मैड्रिड) जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। सिनर ने अब कैलेंडर पर मौजूद नौ मास्टर्स 1000 प्रतियोगिताओं में से आठ जीत लिए हैं; उनके कलेक्शन में केवल रोम का खिताब ही शेष है। सिनर अपने करियर में आठ अलग-अलग मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले इतिहास के सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं; उनसे पहले यह कारनामा सिर्फ जोकोविच और रोजर फेडरर ही कर पाए थे।

# बीसीसीआई अब आईपीएल में क्रिकेटरों की गर्लफ्रेंड्स के रहने को लेकर सख्त नियम बनाने जा रहा

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स के रहने को लेकर सख्त नियम बनाने जा रहा है।बीसीसीआई ये कदम मुख्य रूप से भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों को रोकने, खिलाड़ियों की आचार संहिता को बनाए रखने और उनकी छवि को देखते हुए उठा रहा है।जहां भारतीय टीम के विदेशी दौरों के दौरान खिलाड़ियों की पत्नियों और परिवार के सदस्यों के साथ रहने को लेकर पिछले साल बोर्ड ने सख्त नियम बनये थे, वहीं आईपीएल में इस प्रकार के कोई नियम नहीं है जिसका लाभ खिलाड़ी उठा रहे हैं।आईपीएल में खिलाड़ियों की यात्रा और ठहरने की व्यवस्था की जिम्मेदारी आमतौर पर टीम मालिकों की होती है पर बोर्ड के पास इसमें हस्तक्षेप के अधिकार हैं। पिछले कुछ सत्र में कई खिलाड़ी अपनी गर्लफ्रेंड्स के साथ यात्रा करते और होटलों में रुकते देखे गए हैं, जिससे बोर्ड नाराज हैं।बीसीसीआई इसलिए भी परेशान है क्योंकि कुछ खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स पर बेटिंग ऐप्स के लिए काम करने का संदेश है।यह भ्रष्टाचार रोधी नियमों के उल्लंघन के साथ ही खेल की अखंडता के लिए खतरा है। इसके अतिरिक्त, कई युवा भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों की गर्लफ्रेंड्स सोशल मीडिया पर इन्फ्लुएंसर हैं और अपने पेज पर विभिन्न प्रोडक्ट्स, जिनमें बेटिंग ऐप्स और शराब ब्रांड्स भी शामिल हैं, का प्रचार करती हैं।ऐसे ब्रांड्स का प्रचार बीसीसीआई के नियमों के खिलाफ है और इससे गलत संदेश जाता है।बोर्ड नहीं चाहता कि भारतीय टीम के लिए खेलने वाले या भविष्य में खेलने की इच्छा रखने वाले किसी भी खिलाड़ी को ऐसी गतिविधियों से कोई परेशानी हो। कुछ खिलाड़ियों के फ्रेंचाइजी की बसों का अपनी गर्लफ्रेंड्स से मिलने के लिए इस्तेमाल करने के मामले भी सामने आए हैं, जिसे भी आचार संहिता का उल्लंघन माना गया है।




# एकजुट होकर प्रदर्शन करने से गुजरात टाइटंस को मिल रही सफलता : होल्डर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली जीत पर उत्साहित होते हुए कहा है कि हमारी सफलता का कारण एक ईकाई के तौर पर खेलना रहा है। आईपीएल के इस मुकाबले में गुजरात ने अंक तालिका में नंबर एक पर चल रही पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया। होल्डर ने इस मैच में 4 ओवर में ही केवल 24 रन देकर 4 विकेट लिए और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई।

होल्डर ने कहा कि टीम की सफलता का सबसे बड़ा कारण उसका एकजुट होकर खेलना रहा है। टीम किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है। उन्होंने कहा, यही हमारी टीम का टेम्पलेट रहा है। हमारे पास मजबूत खिलाड़ी हैं और हर मुकाबले में अलग-अलग खिलाड़ी आगे आकर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि टीम किसी एक स्टार खिलाड़ी पर निर्भर नहीं करती, बल्कि हर मैच में एक नया हीरो सामने आता है। इसी से टीम अब तक टिकी हुई है।



होल्डर ने साथ ही कहा, हमने अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी नहीं किया है, फिर भी हम जीत हासिल कर रहे हैं। यह बयान टीम की गहराई और क्षमता को दर्शाता है। उनके अनुसार, टीम अभी अपनी क्षमता के शिखर पर नहीं पहुंची है, लेकिन इसके बावजूद लगातार जीत दर्ज कर रही है, जो उनके लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू है। यह दिखाता है कि टीम में न केवल गहराई है, बल्कि संतुलन भी मजबूत है, जिससे वे दबाव में भी बेहतर प्रदर्शन कर पा रहे हैं।

इस महत्वपूर्ण जीत के साथ गुजरात टाइटंस की स्थिति अंक तालिका में और बेहतर हुई है। टीम अब तक 10 मुकाबले खेल चुकी है, जिसमें से उसने 6 में जीत हासिल की है और 4 में उसे हार का सामना करना पड़ा है। 12 अंकों के साथ गुजरात टाइटंस अंक तालिका में पांचवें स्थान पर आ गई है। अब गुजरात टाइटंस अपने अगले मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स का सामना करेगी। यह मैच 9 मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जाएगा।

## रहाणे ने जीत का श्रेय गेंदबाजों को दिया, वरुण ने अच्छी गेंदबाजी की

हैदराबाद ।कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान आजिंक्य रहाणें ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली 7 विकेट से जीत का श्रेय गेंदबाजों का दिया है।रहाणे ने कहा कि हमारे गेंदबाजों विशेषकर वरुण चक्रवर्ती ने काफी सटीक गेंदबाजी कर करते हुए सनराइजर्स के बल्लेबाजों को खेलने का कोई अवसर नहीं दिया।केकेआर के गेंदबाजों ने इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स के बल्लेबाजों को 19 ओवर में ही 165 रनों पर समेट दिया था। स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने अपने चार ओवर में केवल 36 रन देकर तीन अहम विकेट लिए, वहीं अनुभवी सुनील नारायण ने 31 रन देकर दो विकेट लिए।इन दोनों गेंदबाजों ने मिलकर सनराइजर्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगा दिया।ये गेंदबाज नियमित अंतराल पर विकेट लेते रहे।इसके बाद लक्ष्य का पीछा रते हुए कोलकाता ने 10 गेंद पहले ही मुकाबला जीत लिया।रहाणे ने उम्मीद जतायी कि इस जीत से उनकी टीम टूर्नामेंट में टिकी रह सकती है।उन्होंने कहा, यह एक अच्छा मैच रहा और जिस तरह से हमने गेंदबाजी में वापसी की, वह शानदार था।एक समय ऐसा लग रहा था कि वे 190-200 रन बना लेंगे, और उस लक्ष्य का पीछा करना कठिन होगा पर हमारे गेंदबाजों ने उन्हें रोक दिया।। रहाणे ने पिछले कुछ मैचों में गेंदबाजों के निरंतर प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, हमारी गेंदबाजी इकाई पिछले पांच-छह मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है।इसका श्रेय हमारे गेंदबाजी कोच ड्वेन ब्रावो और टिम साउदी को जाता है, जिन्होंने खिलाड़ियों को सही मार्गदर्शन दिया है।इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए वरुण चक्रवर्ती को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# इंटर मिलान का जलवा बरकरार, 3 मैच बाकी रहते ही सीरी ए खिताब किया अपने नाम



इटली।प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट Serie A में Inter Milan ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया।इंटर मिलान ने परमा को 2-0 से हराकर तीन मैच शेष रहते ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।इस जीत के साथ इंटर मिलान ने अंक तालिका में अपनी पकड़ इतनी मजबूत कर ली कि अब कोई भी टीम उन्हें पीछे नहीं छोड़ सकती।इंटर मिलान को खिताब जीतने के लिए सिर्फ एक ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन टीम ने जीत के साथ ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।इस जीत के बाद टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद Napoli पर 12 अंकों की अजेय बढ़त बना ली है।यह इंटर मिलान का कुल 21वां सीरी ए खिताब है, जिससे वह सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाली टीमों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है।मैच में इंटर मिलान की शुरुआत दमदार रही और पहले हाफ में ही बढ़त हासिल कर ली।टीम की ओर से Marcus Thuram ने पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद अनुभवी खिलाड़ी Henrikh Mkhitaryan ने 80वें मिनट में दूसरा गोल कर जीत पक्की कर दी।पूरे सीजन में इंटर मिलान का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है।टीम ने लगातार अच्छा खेल दिखाते हुए बाकी टीमों को पीछे छोड़ दिया।उनकी मजबूत डिफेंस और आक्रामक अटैक ने उन्हें इस सीजन का सबसे संतुलित टीम बना दिया।अब इंटर मिलान की नजर एक और ट्रॉफी पर है।टीम जल्द ही इटालियन कप के फाइनल में Lazio से भिड़ेगी।अगर इंटर यह मुकाबला जीत लेती है, तो इस सीजन में डबल ट्रॉफी जीतने का सपना भी पूरा हो सकता है।

# विश्व एथलेटिक्स 2026 : रागुल, नित्या सहित भारतीय रिले टीम ने बनाया नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड

गाबोरोन ।बोत्सवाना में हुए विश्व एथलेटिक्स 2026 भारतीय एथलेटिक्स में भारतीय टीम क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद भी एक रिकार्ड बनाने में सफल रही ।इसमें शामिल पांचों भारतीय टीमें अपने-अपने वर्ग में क्वालिफिकेशन नहीं कर पायीं पर 4 गुणा 400 मीटर में भारत की र रिले टीम ने एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड जरुर बनाया। भारतीय रिले टीम में रागुल कुमार, नित्या गांधे, अनिमेश कुजूर और स्नेहा सत्यनारायण शनुवल्ली शामिल थे।इस चारों ने शानदार तालमेल और गति का प्रदर्शन करते हुए 41.35 सेकंड का समय निकाला।इससे ये हीट में छठे स्थान पर रहे और क्वालीफाई नहीं कर पाये पर 42.30 सेकंड के पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ने में जरुर सफल रहे।यह प्रदर्शन भारतीय रिले एथलेटिक्स के भविष्य लिए सकारात्मक कदम है, जो आगामी प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकता है और युवा एथलीटों को बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।वहीं अन्य रिले टीमों का प्रदर्शन हालांकि उतना प्रभावशाली नहीं रहा।मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर रिले में भारत की दूसरी टीम अपनी हीट में ही पांचवें स्थान पर रही।वहीं, पुरुषों की 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम दौड़ पूरी नहीं कर सकी।इसका कारण ये रहा कि अनुभवी धावक आमोज जैकब को दौड़ के बीच में ऐंठन का सामना करना पड़ा।वहीं महिला 4 गुणा 400 मीटर टीम अपनी हीट में अंतिम स्थान पर रही, जबकि पुरुषों की गुणा 400 मीटर टीम को बैटन बदलने के दौरान हुई गलती के कारण अयोग्य करार दिया गया।

# पीएसएल जीत से उत्साहित बाबर बोले, तीनों प्रारुप खेलूंगा, किसी भी एक से संन्यास का इरादा नहीं

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान सुपर लीग में अपनी टीम के खिताब जीतने से उत्साहित अनुभवी बल्लेबाज बाबर जाने ने कहा है कि अभी वह तीनों ही प्रारुप खेलते रहेंगे और उनके किसी भी एक प्रारुप को छोड़ने की कोई संभावना नहीं है। आजम ने इसी के साथ ही उनके किसी एक प्रारुप से संन्यास की अटकलों पर भी विराम लगा दिया। वहीं लंबे समय से यह चर्चा जोरों पर थी कि बाबर अपने करियर को बढ़ाने के लिए किसी एक फॉर्मेट से संन्यास ले सकते हैं, लेकिन उन्होंने इन सभी संभावनाओं को खारिज कर दिया। बाबर ने कहा, परेशान न हों, में तीनों प्रारुप खेलूंगा।

बाबर के इस बयान से साफ है कि उन्हें अब पाक टीम में वापसी का अवसर मिल सकता है। पिछले काफी समय से उनकी धीमी बल्लेबाजी पर सवाल उठते रहे हैं। यही वजह थी कि उनके टी20 करियर को लेकर तरह-तरह की बातें शुरू हो गई थीं, जिसमें फॉर्मेट छोड़ने की अटकलें प्रमुख थीं।

हालांकि, इन आलोचनाओं के बीच बाबर ने पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में जबरदसत वापसी की। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 पारियों में कुल 588 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 73.50 और स्ट्राइक रेट 145.90 रहा। इस दौरान बाबर ने दो शानदार शतक और तीन अर्धशतक लगाये।

बाबर ने जोर दिया कि एक खिलाड़ी को सभी प्रारुप खेलने चाहिए। उन्होंने तर्क दिया, यह एक खिलाड़ी का काम है कि वह हर फॉर्मेट में अपनी टीम के लिए उपलब्ध रहे। साथ ही कहा कि टेस्ट प्रारुप आपको धैर्य और लंबी पारी खेलने की कला सिखाता है।। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि टेस्ट क्रिकेट से मिलने वाला अनुभव न केवल टेस्ट मैचों में बल्कि टी20 और एकदिवीसय जैसे सीमित ओवरों के प्रारूपों में भी एक खिलाड़ी को बेहतर बनाता है।

पीएसएल की सफलता के बाद अब बाबर का अगला ध्यान टेस्ट क्रिकेट पर है। पाकिस्तानी टीम जल्द ही बांग्लादेश के दौरे पर दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलेगी। यह श्रृंखला आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 का महत्वपूर्ण हिस्सा होगी, और बाबर इसमें अपनी टीम के लिए अहम भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे हैं। बाबर ने यह भी साफ संकेत दिए हैं कि वह 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप की योजनाओं का एक अभिन्न अंग बने रहना चाहते हैं।





# आयुष्मान खुराना ने केरल में शुरू की थ्रिलर फिल्म की शूटिंग?

**कॉमेडी फिल्मों के बाद अब आयुष्मान खुराना गंभीर भूमिका में वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन 'काला पानी' फेम समीर सक्सेना कर रहे हैं। फिल्म यश राज फिल्म्स और पोशम पा पिक्चर्स द्वारा बनाई जा रही है।**

### कब शुरू हुई फिल्म की शूटिंग


आयुष्मान की इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल की शुरुआत में चुपचाप शुरू हो गई थी। पूरी शूटिंग मई के अंत तक खत्म होने की उम्मीद है। अभी फिल्म का नाम तय नहीं हुआ है। कहानी को गुप्त रखा गया है, लेकिन कथित तौर पर इस फिल्म में आयुष्मान एक आम आदमी की भूमिका निभा रहे हैं, जो अचानक एक खतरनाक और मुश्किल स्थिति में फंस जाता है। इस फिल्म में ज्यादातर सहायक कलाकार नए या कम जाने-माने हैं, जिससे कहानी ज्यादा यथार्थवादी लगेगी।

### यश राज के साथ तीसरी फिल्म

यह आयुष्मान खुराना की यश राज फिल्म्स के साथ तीसरी फिल्म है। पहले वे 'दम लगा के हैशा' और 'मेरी प्यारी बिंदू' में काम कर चुके हैं। पोशम पा पिक्चर्स के लिए भी यह थिएटर रिलीज की पहली फिल्म है। पहले उन्होंने नेटफ्लिक्स पर 'मामला लीगल है' और 'होम शांति' जैसी फिल्में बनाई हैं।

### आयुष्मान की आने वाली फिल्में

आयुष्मान खुराना इस साल काफी व्यस्त रहने वाले हैं। उनकी 'पति पत्नी और वो दो', 'उड़ता तीर' (सारा अली खान के साथ) और सूरज बड़जात्या की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' भी रिलीज होने वाली हैं। यह तीनों ही फिल्में इस साल 2026 या फिर अगले साल 2027 में रिलीज होंगी।



# अहमद खान की अनटाइटल्ड जॉम्बी एंटरटेनर में हुई शनाया कपूर की एंट्री



निर्देशक अहमद खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस फिल्म के बाद अहमद एक जॉम्बी कॉमेडी फिल्म पर काम करेंगे। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ लीड हीरो के रोल में नजर आएंगे और उनके अपोजिट इस बॉलीवुड अभिनेत्री की एंट्री हो चुकी है।

### कौन होगी इस फिल्म में टाइगर की हीरोइन

इस जॉम्बी कॉमेडी फिल्म का निर्देशन अहमद खान करेंगे। फिल्म के निर्माता फिरोज नाडियाडवाला है। टाइगर श्रॉफ इस प्रोजेक्ट से जुड़ चुके हैं। अब मुख्य अभिनेत्री के तौर पर शनाया कपूर का नाम सामने आया है। हालांकि, फिल्म को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिल्म की बाकी डिटेल्स को अभी गुप्त रखा गया है। शनाया कपूर ने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से की थी। उसके बाद उन्होंने आदर्श गौरव के साथ सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म 'तू या मैं' की है, जिसमें उनकी एक्टिंग की काफी तारीफ हुई। अब वह अपने आगामी प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही हैं। वहीं, टाइगर श्रॉफ अभी फिल्म 'लग जा गले' की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ जान्हवी कपूर और लक्ष्य मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शन्स के बैनर तले बन रही है।

### अहमद खान की फिल्म 'वेलकम टू द जंगल'

अहमद खान निर्देशित फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में 30 से ज्यादा बड़े कलाकार काम कर रहे हैं। इसमें अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, रवीना टंडन, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, परेश रावल, राजपाल यादव, जॉनी लीवर और कई कलाकाल शामिल हैं। अहमद खान ने बताया कि इतनी बड़ी कास्ट को एक साथ मैनेज करना बहुत मुश्किल था। अभिनेताओं की डेट्स, बजट और बाकी जरूरतों को संभालना आसान नहीं रहा। फिर भी उन्होंने यह फिल्म पूरी की।



# क्या साथ काम करेंगे अहान और आर्यन?

अहान पांडे ने फिल्म 'सैयारा' से बॉलीवुड में बतौर अभिनेता डेब्यू किया। वहीं शाहरुख के बेटे और निर्देशक आर्यन खान ने 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' से निर्देशन में कदम रखा। क्या आर्यन खान की आने वाली किसी फिल्म में अहान पांडे काम कर सकते हैं? अहान पांडे और शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान, दोनों ने साल 2025 में मनोरंजन की दुनिया में कदम रखा। जहां अहान ने फिल्म 'सैयारा' से बतौर अभिनेता अपना धमाकेदार डेब्यू किया। वहीं आर्यन ने नेटफ्लिक्स सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के जरिए निर्देशन में सफलता हासिल की। तो क्या अब दोनों एक साथ काम करेंगे?

### बचपन की यादें और गहरा रिश्ता

हाल ही में एक इंटरव्यू में अहान ने आर्यन के साथ अपने खास रिश्ते के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि वे बचपन के दोस्त हैं। अहान ने एक मजेदार किस्सा भी शेयर किया। दरअसल, आर्यन स्कूल से सीधे अहान के घर आ जाते थे। वह अपने माता-पिता (शाहरुख और गौरी खान) से मिलने से पहले अहान के घर वक्त बिताते थे। हालात, ऐसी थी कि खुद शाहरुख खान अहान को फोन करके पूछते थे कि आर्यन घर क्यों नहीं आए? जब अहान से पूछा गया कि क्या वह भविष्य में आर्यन के निर्देशन में काम करेंगे, तो उन्होंने कहा, 'वे दोनों एक बेहतरीन निर्देशक-अभिनेता की जोड़ी बन सकते हैं। अहान का मानना है कि उनके बीच एक 'वास्तविक बंधन' है, इसलिए साथ काम करना काम जैसा नहीं लगेगा। बचपन की दोस्ती की वजह से दोनों एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह समझते हैं।

### अहान के प्रोजेक्ट्स

अपनी पहली फिल्म 'सैयारा' की बड़ी सफलता के बाद, अहान के पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। 'सैयारा' के बाद अहान पांडे एक बार फिर से मोहित सूरी की अगली फिल्म में काम करेंगे। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म में अहान के साथ अनीत पड्डा नजर आएंगी। इसे यशराज फिल्म्स बना रहा है। इसके अलावा अहान निर्देशक अली अब्बास जफर के साथ भी एक फिल्म में काम कर रहे हैं। यह एक एक्शन-रोमांस ड्रामा फिल्म होगी।



# सुपर कॉप के रोल में फिर तबाही मचाएंगे रणदीप हुड्डा

रणदीप हुड्डा स्टारर सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' का पहला सीजन 2023 में आया था। इसके बाद से ही फैंस इसके दूसरे पार्ट का इंतजार कर रहे थे। अब मेकर्स ने इसके दूसरे सीजन का टीजर रिलीज कर फैंस की धड़कनें और बढ़ा दी हैं।

### क्या है टीजर में खास

टीजर में रणदीप हुड्डा दबंग इंस्पेक्टर के रूप में नजर आ रहे हैं। कुछ सीन में वे बहरूपिया भी बनते दिखाई दिए हैं। टीजर में काफी दमदार डायलॉग्स बताए गए हैं। इनमें से एक है जिसमें रणदीप हुड्डा कहते हैं- 'जिंदगी और मृत्यु के बीच सिर्फ हमारी एक उंगली का फर्क है।' वहीं टीजर में कुछ इंटेंस सीन भी नजर आए हैं, जिनमें एक्टर दमदार एक्शन सीन करते नजर आए हैं। वीडियो के कैप्शन में लिखा- 'यूपी का महाकाल, इंस्पेक्टर अविनाश वापस आ रहे हैं। और इस बार होगा असली तांडव।'

### कब रिलीज होगी सीरीज

सीरीज में रणदीप के अलावा उर्वशी रौतेला, रजनीश दुग्गल, अमित सियाल, सरगम सिंह, शालीन भनोट अहम किरदार में नजर आएंगे। सीरीज का निर्देशन नीरज पाठक कर रहे हैं। फिलहाल मेकर्स ने इसकी रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया है। सीरीज पिछले पार्ट से ज्यादा एक्शन पैक और इंटेंस बताई जा रही है। मेकर्स ने सीरीज के दूसरे सीजन 'इंस्पेक्टर अविनाश' का टीजर रिलीज कर दिया है। ये सीरीज हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।



# बंद होगा एकता कपूर का 'नागिन 7'




टीवी की क्वीन कही जाने वाली निर्माता एकता कपूर ने अपने हिट सुपरनेचुरल शो नागिन 7 को लेकर एक अहम अपडेट साझा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि मौजूदा सीजन जल्द ही समाप्त होने वाला है और अगले साल इसे फिर से शुरू करने की योजना है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए स्पष्ट किया कि सीजन को समाप्त करने का फैसला आंशिक रूप से शेड्यूलिंग की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा, 'नागिन को लेकर कुछ अपडेट देने आई हूं। दोस्तों, मैंने कल एक पोस्ट किया था और मुझे एहसास नहीं था कि हम अचानक शो खत्म करने वाले हैं। लेकिन हां, चैनल के अनुरोध के कारण हमें अप्रैल में शो खत्म करना था। अब हम इसे मेरे जन्मदिन पर खत्म कर रहे हैं। नागिन के किसी भी सीजन की ऐसी योजना नहीं थी। यह सिर्फ 30 एपिसोड का होना था। लेकिन हमने इसे 48 एपिसोड तक बढ़ा दिया और फिर हम अगले साल वापस आएंगे।'

एकता ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक और वीडियो भी साझा किया। इसमें उन्होंने छोटे सीजन बनाने के अपने फैसले के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, 'नागिन को हर साल प्रसारित करने के लिए हमें छोटे सीजन बनाने चाहिए ताकि मुझे अपना सारा समय न देना पड़े और मैं बाकी कामों पर ध्यान दे सकूं।' 'नागिन 7' का फिनाले एपिसोड अब 7 जून को टेलीकास्ट होगा। मौजूदा सीजन में प्रियंका चाहर चौधरी मुख्य भूमिका में हैं।



# सारा अर्जुन की लगी लॉटरी

**'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' में यलीना के रोल से छाईं सारा अर्जुन अब मधुबाला बनेंगी। खबर है कि उन्हें मधुबाला की बायोपिक के लिए साइन किया गया है। नाम कन्फर्म है और एक्ट्रेस ने तैयारी भी शुरू कर दी है। हालांकि, अभी आधिकारिक ऐलान बाकी है।**

हिंदी सिनेमा की सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस मानी जाने वालीं मधुबाला की बायोपिक की चर्चा कई साल से हो रही है। इसके लिए कई एक्ट्रेसेस के नाम सामने आए, पर किसी पर भी मुहर नहीं लगी। अब इसके लिए 'धुरंधर' की यलीना यानी सारा अर्जुन का नाम कन्फर्म बताया जा रहा है। यानी उनकी लॉटरी लग गई है। कहा जा रहा है कि वह मधुबाला पर बन रही बायोपिक में उनका किरदार निभाएंगी। उनका नाम मधुबाला की बायोपिक के लिए कन्फर्म है। इस बायोपिक को जसमीत के रीन डायरेक्ट करेंगी, जबकि संजय लीला भंसाली प्रोड्यूसर हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मधुबाला की बायोपिक की शूटिंग जुलाई 2026 से शुरू होगी। 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' के बाद इसे सारा अर्जुन के करियर की अहम फिल्म माना जा रहा है, जो उनके करियर को एक नई दिशा देगी। सारा अर्जुन वैसे तो बचपन से फिल्मों में काम कर रही हैं, पर 'धुरंधर' ने उन्हें रातोंरात जबरदस्त स्टारडम दिलाया है।

### इस कारण मधुबाला की बायोपिक में हुई देरी

मधुबाला की बायोपिक की बात करें, तो यह कई साल से अटकी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, बजट की कमी के कारण इसे कई बार देरी का सामना करना पड़ा, लेकिन बाद में यह ट्रैक पर लौट आई। अहम मोड़ तब आया जब संजय लीला भंसाली बतौर प्रोड्यूसर मधुबाला की बायोपिक से जुड़े। वहीं जसमीत के रीन डायरेक्टर हैं, जिन्होंने विजय वर्मा और आलिया भट्ट स्टारर 'डार्लिंग्स' डायरेक्ट की थी।

### सारा ने शुरू की तैयारी


बताया जा रहा है कि सारा अर्जुन ने मधुबाला की खूबसूरती, गरिमा और पर्दे पर उनकी उपस्थिति को हूबहू उतारने के लिए जोरदार तैयारी शुरू कर दी है। अब दिलीप कुमार और किशोर कुमार के किरदारों के लिए कास्टिंग चल रही है, जिनका मधुबाला की निजी जिंदगी में अहम रोल रहा।

### इन एक्ट्रेसेस के नामों की थी चर्चा

मालूम हो कि मधुबाला के किरदार के लिए पहले कियारा आडवाणी से बातचीत चल रही थी, पर बात नहीं बन पाई और फिर सारा अर्जुन को साइन किया गया। इससे पहले मधुबाला के किरदार के लिए साई पल्लवी और अनीत पड्डा का नाम भी सामने आया, पर वो महज अफवाह निकली। मधुबाला की बायोपिक में उनके करियर और निजी जिंदगी के कई अहम पहलुओं को दिखाया जाएगा। उन पलों को भी दर्शकों को देखने का मौका मिला, जिनसे वो अछूते हैं।

### मनीष मल्होत्रा भी बनाने वाले थे मधुबाला पर बायोपिक

मधुबाला पर बायोपिक बनाने के लिए फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा का भी नाम सामने आया था, पर दिवंगत एक्ट्रेस की बहन मधुर भूषण ने 2022 में कह दिया था कि मधुबाला की जिंदगी पर फिल्म सिर्फ वो और उनकी टीम ही बनाएगी, बाकी कोई और नहीं बनाएगा।




## स्पाइसजेट और प्रवर्तक अजय को झटका, याचिका खारिज, लगा जुर्माना

### -कोर्ट ने 19 जनवरी को 144 करोड़ रुपए जमा करने का दिया था आदेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट का फैसला सामने आने से विमानन कंपनी से जुड़ा बड़ा विवाद फिर चर्चा में आ गया। बता दें कि कोर्ट ने स्पाइसजेट और उसके प्रवर्तक अजय सिंह की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उन्होंने पहले दिए गए आदेश की समीक्षा की मांग की थी। इस आदेश के तहत उन्हें 144 करोड़ रुपए जमा करने को कहा था, जिसे लेकर उन्होंने राहत की गुहार लगाई थी। जानकारी के मुताबिक न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए स्पाइसजेट और अजय सिंह पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। कोर्ट ने साफ कहा कि मामला खारिज किया जाता है और पहले दिया गया आदेश लागू रहेगा। बता दें कोर्ट ने 19 जनवरी को स्पाइसजेट को कुल 194 करोड़ रुपए की स्वीकृत देनदारी में से 144 करोड़ रुपए छह सप्ताह के अंदर जमा करने का निर्देश दिया था। बाद में इस समय सीमा को 18 मार्च तक बढ़ा दी थी। बताया जा रहा है कि स्पाइसजेट और अजय सिंह ने पश्चिम एशिया में जारी युद्ध और कंपनी की खराब वित्तीय स्थिति का हवाला देते हुए इस आदेश पर पुनर्विचार की मांग की थी। उन्होंने कोर्ट को यह भी प्रस्ताव दिया कि नकद राशि जमा करने के बजाय गुरुग्राम स्थित एक व्यावसायिक संपत्ति को गारंटी के तौर पर स्वीकार कर लिया जाए। साथ ही यह भी कहा कि केंद्र सरकार से कुछ सहायता मिलने की उम्मीद है। हालांकि दूसरी ओर कलानिधि मारन और उनकी कंपनी कल एयरवेज ने इस पुनर्विचार याचिका का कड़ा विरोध किया। उनका कहना था कि इसी तरह के तर्क पहले भी सुप्रीम कोर्ट में रखे जा चुके हैं और वहां उन्हें खारिज किया जा चुका है। ऐसे में इस आधार पर दोबारा राहत नहीं दी जानी चाहिए।

## बंगाल चुनाव पर रामदेव की प्रतिक्रिया, यह सबक उनके लिए जो सोचते हैं कोई उन्हें हिला नहीं सकता



नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के रुझानों को लेकर योग गुरु बाबा रामदेव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी की जीत हो रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उनके योद्धाओं के नेतृत्व में जो बंगाल में हुआ है, वहां अप्रत्याशित है, ऐतिहासिक है। बहुत मायनों में ये सबक है कि हम यहां स्थापित हैं और हमें सत्ता से कोई हिला नहीं सकता है। उन्होंने कहा, वर्चस्ववाद के उन्माद में जो लोग पगलाए हुए थे, उनके लिए ये बंगाल का चुनाव एक बहुत बड़ा सबक है कि अब आपको विजय चाहितए है, तब अंतिम वोटर से लेकर बूथ मैनेजमेंट तक राजनीति की सभी दिशाओं को आपको साधना होगा। जो लोग हिंदू समाज को जाति वर्ग समुदायों में बांटकर एक मजहबी तुष्टिकरण कुचक्र को स्थापित करना चाहते थे उनके लिए भी बड़ा सबक है।

## नदी में कार गिरने से 4 लोगों की मौतें

कबीरधाम( एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा में देर रात तेज रफ्तार कार बेकाबू होकर फोक नदी में जा गिरी। इस हादसे में कार सवार 4 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना पांडातराई थाना क्षेत्र की है। शुरुआती जानकारी के अनुसार सभी युवक बिरगांव (रायपुर) से पंडरिया में शादी में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान पांडातराई के पास कार का बैलेंस बिगड़ा और पलटते हुए 30 फीट नीचे नदी में जा गिरी। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकला और पुलिस को हादसे की सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेस की मदद से अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। परिजनों को भी हादसे की सूचना दे दी गई है। वहीं मृतकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। पीएम के बाद परिजनों को शव सौंपा जाएगा।

## सड़क पर सोने की अफवाह ने बटोरी भीड़ : वलसाड में हर चमकती चीज़ सोना नहीं निकली

वलसाड (एजेंसी)। गुजरात के वलसाड जिले में हाल ही में अजीबोगरीब घटना देखने को मिली, जहां नारगोल कोस्टल हाइवे पर सड़क किनारे पड़े कुछ चमकदार टुकड़ों को लोग सोना समझ बैठे। दोपहर की तेज धूप में इन टुकड़ों पर जब रोशनी पड़ी, तब वे वाकई सोने की तरह चमकने लगे, जिसने वहां से गुजर रहे लोगों का ध्यान खींचा। देखते ही देखते यह अफवाह बिजली की तरह फैल गई कि सड़क पर खजाना यानी सोना बिखरा पड़ा है।

जैसे ही यह खबर आसपास के गांवों और बस्तियों तक पहुंची, लोग अपना काम छोड़कर सड़क की ओर दौड़ पड़े। विशेषकर महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में वहां पहुंचे, कोई दुपट्टे में, तब कोई थैली में इन चमकदार टुकड़ों को बटोरने लगा। चिलचिलाती गर्मी और धूप की परवाह किए बिना सड़क पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हर कोई झुक-झुककर इन टुकड़ों को उठाने की होड़ में था, जैसे उन्हें सचमुच कोई बड़ा खजाना मिल गया हो। इस पूरे घटनाक्रम को किसी ने मोबाइल पर कैद कर लिया और वीडियो सोशल मीडिया पर तुरंत वायरल हो गया, जिससे हर कोई यह देखकर हैरान था कि आखिर सड़क पर क्या गिर गया, जिसे लोग सोना समझ बैठे। हालांकि, सोने की कहानी का सच ज्यादा देर तक छिपा नहीं रह सका। स्थानीय स्तर पर इन टुकड़ों की जांच की गई, तो पता चला कि ये कीमती धातु सोना नहीं, बल्कि साधारण तांबा या पीतल जैसे धातु के टुकड़े थे। जो लोग इन्हें खजाना समझकर खुशी-खुशी बटोर रहे थे, उन्हें बाद में निराशा हाथ लगी। सच्चाई सामने आने से पहले ही बड़ी मात्रा में ये टुकड़े लोग अपने साथ ले जा चुके थे।

# ममता और स्टालिन का प्रदर्शन सिर्फ दो दलों की हार नहीं, क्या अब इंडिया गठबंधन टिक पाएगा?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 4 मई को अब तक आए चुनावी नतीजों के बाद 5 राज्यों की चुनावी तस्वीर करीब साफ हो चुकी है। जहां बंगाल में पहली बार बीजेपी सरकार बनाने जा रही है। वहीं तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। बंगाल और तमिलनाडु दोनों ही राज्यों में बदलाव के साथ दो सबसे शक्तिशाली क्षेत्रीय नेताओं को गहरा धक्का लगा है। इन नेताओं की हार का असर आने वाले आम चुनाव और विपक्षी एकता पर पड़ना तय है। बीजेपी पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के चौथे कार्यकाल की उम्मीदों पर पानी फेरती दिख रही है। वहीं तमिलनाडु में स्टालिन अपनी कुर्सी गंवा बैठे हैं और टीवीके प्रमुख थलपति विजय का मुख्यमंत्री बनना तय है।

बात दें कि स्टालिन और ममता दोनों विपक्षी इंडिया गठबंधन के सबसे प्रमुख चेहरों में से हैं। दोनों नेता अब तक अपने-अपने राज्यों में भाजपा के विस्तार को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। पिछले कुछ चुनावों में कांग्रेस की कई हार के बाद विपक्ष के चेहरे के रूप में राहुल गांधी के नाम पर इंडिया गठबंधन के भीतर ही सवाल थे। वहीं अब ममता बनर्जी और स्टालिन को चुनाव में जो झटका लगा है वह इंडिया गठबंध की स्थिति को और जटिल कर देगा।





2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी अपने दम पर सरकार बनाने से चूकी थी। बीजेपी जितनी सीटों की उम्मीद लगाए बैठी थी उसके मुताबिक सफलता नहीं मिली। साथ ही सवाल उठने लगे कि बीजेपी की स्थिति अब कमजोर हो रही है लेकिन आम चुनाव के बाद कई राज्यों में बीजेपी ने जीत हासिल आकलन को गलत साबित किया। 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद बीजेपी ने महाराष्ट्र, हरियाणा, बिहार, दिल्ली और ओडिशा सहित कई राज्यों में अपनी स्थिति मजबूत की है। पश्चिम बंगाल में मिली जीत ने इस दायरे को और भी बढ़ाया है।

आज आए नतीजों में तमिलनाडु में न केवल डीएमके की हार हुई बल्कि सीएम एमके स्टालिन अपनी सीट भी हार गए है। डीएमके ने 2021 में एआईएडीएमके को हराकर सत्ता में वापसी की और 234 में से 133 सीटें जीतीं। लेकिन यह चुनाव तमिलनाडु के राजनीतिक परिदृश्य में बदलाव लेकर आया है। वहीं बंगाल में 2011 में ममता सत्ता में आईं और उन्होंने लेफ्ट के तीन दशक के शासन का अंत किया। बीजेपी की बढ़ती चुनौती के बावजूद उन्होंने 2016 और 2021 में अपनी स्थिति मजबूत की। लेकिन अब चौथी बार जीत का सपना टूट गया।

तमिलनाडु में लंबे समय से डीएमके और एआईएडीएमके का वर्चस्व रहा लेकिन इस चुनाव में टीवीके के उदय ने कई राजनीतिक पंडितों को चौंका दिया। राजनीतिक विश्लेषक टीवीके की लोकप्रियता में इस उछाल का एक बड़ा कारण विजय की व्यक्तिगत लोकप्रियता को मानते हैं, खासकर युवा और महिला मतदाताओं के बीच। थलपति के नाम से जाने जाने वाले विजय ने तीन दशकों के फिल्मी करियर में अपनी दमदार फैन फॉलोइंग के साथ राजनीति में कदम रखा और अब पहले ही चुनाव के बाद उनका राज्य का अगला सीएम बनना लगभग तया है।

## लालू परिवार को राबड़ी आवास खाली करने का अल्टीमेटम : सरकार ने दिया 15 दिन का समय

### बेटी रोहिणी ने नोटिस को लालू यादव का अपमान बताया

पटना (एजेंसी)। बिहार की राजनीति में एक बड़ी हलचल सामने आई है, जहाँ सम्राट सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनके परिवार को पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास राबड़ी आवास खाली करने के लिए 15 दिनों का समय दे दिया है। यह वहीं आवास है जहाँ पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव रहते हैं। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, सम्राट सरकार ने पहले भी करीब एक साल पहले 25 नवंबर को आवास खाली करने का आदेश दिया था, लेकिन लालू परिवार की ओर से अब तक आवास खाली नहीं किया गया। इसके बाद अब सम्राट सरकार ने सख्त रुख दिखाकर अंतिम चेतावनी दी है। भवन निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा जारी नोटिसों में राबड़ी देवी के अलावा, हाल ही में चुनाव हार चुके कई पूर्व विधायकों को भी सरकारी बंगले खाली करने को कह दिया गया है। बताया जा रहा है कि लालू परिवार करीब 20 वर्षों से 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास में रह रहा था। भवन निर्माण विभाग ने राबड़ी देवी को पहला नोटिस तब जारी किया था जब उन्हें बिहार विधान परिषद के आवासन के लिए पटना के 39 हार्डिंग रोड पर एक नया आवास आवंटित किया गया था। इस घटनाक्रम पर लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस सुशासन बाबू का विकास मॉडल बताकर लालू प्रसाद का अपमान करार दिया और लिखा, घर से निकल सकते हो, बिहार की जनता के दिल से कैसे निकालिएगा। हालांकि, इस पूरे मामले पर अभी तक सरकार या संबंधित विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, जिससे राजनीतिक गलियारों में अटकलें और तेज हो गई हैं।

## देश के कई राज्यों में आंधी-बारिश का प्रकोप: 4 की मौत, यूपी में 64 जिलों में अलर्ट



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश के राजस्थान, बिहार, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश सहित करीब 10 राज्यों में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी है। बीते 24 घंटों में खराब मौसम के चलते चार लोगों की जान गई है। इसमें राजस्थान में तीन और उत्तर प्रदेश में एक व्यक्ति शामिल है। जम्मू-कश्मीर में भूस्खलन के कारण एक महत्वपूर्ण सड़क मार्ग बंद हुआ है, जिससे यातायात प्रभावित हुआ है।

उत्तर प्रदेश में खराब मौसम ने जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लखनऊ में सुबह से तेज हवाएं चल रही हैं राजस्थान के दौसा, कोटपूतली-बहरोड़, अलवर और हनुमानगढ़ जैसे जिलों में आंधी के साथ भारी बारिश और ओलावृष्टि दर्ज की गई, जिससे कई झुग्गी-झोपड़ियां उखड़ गईं और जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर पेड़ गिरने से 40 मिनट तक लंबा जाम लगा रहा। हरियाणा के सिरसा, भिवानी और महेंद्रगढ़ में भी तेज बारिश के साथ ओले गिरे, वहीं उत्तराखंड के 11 जिलों में बारिश हुई, जिसमें नैनीताल, देहरादून और अल्मोड़ा में ओलावृष्टि की सूचना है। जम्मू-कश्मीर के लघामा में हुए भूस्खलन के कारण बारामूला-उरी नेशनल हाईवे को बंद करना पड़ा, और यातायात को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया गया है। मौसम विभाग ने राजस्थान के 19 जिलों के लिए ऑरेंज और 8 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

आगामी दो दिनों तक भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बने रहने का अनुमान है। 5 मई को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश के साथ बिजली गिरने की आशंका है, जबकि उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड और ओडिशा में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा, असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। 6 मई को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित कई अन्य राज्यों में भी बारिश का अनुमान है।

# रुझानों को लेकर शशि थरूर बोले-सीएम को लेकर अभी कोई चर्चा नहीं

### -केरल में यूडीएफ का बेहतरीन प्रदर्शन, राज्य में राजनीतिक तौर-तरीकों को बदलना जरुरी

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** केरल में शुरुआती रुझानों से पता चलता है कि कांग्रेस 50 से ज्यादा सीटों पर आगे है। पार्टी नेता शशि थरूर ने सोमवार को कहा कि सरकार, नीति और राज्य के पुनरुद्धार में तत्काल बदलाव की जरुरत है। थरूर ने 140 सदस्यीय विधानसभा में संयुक्त लोकतांत्रिक गठबंधन (यूडीएफ) के अच्छे प्रदर्शन पर भरोसा जताया। थरूर ने कहा कि हम बदलाव की पार्टी हैं। हम इस सरकार के दस साल के राजनीतिक तौर-तरीकों को बदलना चाहते हैं और यह बदलाव इतना जरूरी है कि इसे बदलना ही पड़ेगा। मेरे विचार से एक नई तरह की राजनीति बेहद जरुरी है।

सीएम पद को लेकर उन्होंने कहा कि हम अभी इस विषय पर चर्चा नहीं करना चाहते। चुनाव परिणाम आने दीजिए। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे साहब जीतने वाले विधायकों से बात करने के लिए किसी को भेजेंगे। उसके बाद वे अपनी राय देंगे। फिर हाईकमान इसका फैसला करेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी शुरूआती रुझानों के मुताबिक केरल में कांग्रेस 61 सीटों पर आगे चल रही है, जबकि सीपीआई (एम) 29 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। राज्य भर में मतगणना जारी रहने के दौरान, सीपीआई नौ सीटों पर, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) 22 सीटों पर और बीजेपी सिर्फ एक सीट पर आगे है।



थरूर ने केरल को निवेश का स्वर्ग बनाने, रोजगार सृजित करने और पलायन रोकने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मेरे विचार नई सरकार के लिए भी उपयोगी साबित होंगे, लेकिन मेरा संदेश निश्चित रूप से विकास का होगा, इस भयावह वित्तीय स्थिति को पूरी तरह से बदलना होगा, केरल को एक बार फिर निवेश का स्वर्ग बनाने के लिए जरुरी कार्य करना होगा, ताकि हम विकास कर सकें, अपने लोगों के लिए रोजगार सृजित कर सकें और ऐसी स्थिति को रोक सकें जहां हमारे युवा राज्य छोड़कर जा रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि उनके पास अवसर नहीं हैं।


## टीएमसी को अपने भ्रष्टाचार का जवाब मिला : हुमायूं कबीर

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के रुझानों पर आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के अध्यक्ष हुमायूं कबीर ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अपेक्षित हार राज्य में हुए व्यापक भ्रष्टाचार और जनविरोधी फैसलों का सीधा परिणाम है। कबीर ने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि जनता ने टीएमसी को आखिरकार जवाब दे दिया है, जो कि टीएमसी को मिलाना चाहिए था। एजेयूपी प्रमुख कबीर ने कहा, मैंने पहले ही अनुमान लगाया था कि भाजपा को टीएमसी से अधिक सीटें मिलेंगी। टीएमसी ने अपने तीन बार के कार्यकाल में सिर्फ लोगों पर अत्याचार किया, जमकर भ्रष्टाचार किया और गलत निर्णय लिए। उन्होंने राज्य में बढ़ती बेरोजगारी, खराब सड़कों, लचर शिक्षा व्यवस्था और अस्पतालों की दयनीय स्थिति का हवाला दिया, जहाँ एक बिस्तर पर तीन-तीन मरीजों का इलाज होता है। एजेयूपी कबीर के अनुसार, इन सभी विफलताओं के कारण ही टीएमसी को सत्ता से बाहर होना पड़ रहा है। भाजपा की संभावित जीत पर उन्होंने कहा कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि यह बंगाल की जनता का जनादेश है। यदि जनता ने भाजपा को वोट दिया है, तब उनकी जीत स्वाभाविक है। इस बीच, हुमायूं कबीर ने खुद रेजीनगर और नाओदा विधानसभा सीटों पर अपनी जीत का दावा किया, जहाँ वे फिलहाल आगे चल रहे थे। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में दो चरणों में हुए विधानसभा चुनावों के वोटों की गिनती सोमवार सुबह 8 बजे शुरू हुई। सोमवार दोपहर 1:30 बजे तक चुनाव आयोग के रुझानों के अनुसार, 291 सीटों पर भाजपा 194 सीटों पर बढ़त बनाए हुए थी, जबकि सत्तारूढ़ टीएमसी 92 सीटों पर आगे थी। ऑल इंडिया सेकुलर फ्रंट दो और माकपा एक सीट पर बढ़त पर थी, जबकि कांग्रेस राज्य में शून्य पर बनी हुई थी।

# लिपुलेख मार्ग से कैलाश मानसरोवर यात्रा पर नेपाल की आपत्ति

### - भारत ने क्षेत्रीय दावों को किया खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेपाल ने एक बार फिर लिपुलेख दर्रे के माध्यम से प्रस्तावित कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर कूटनीतिक मोर्चा खोल दिया है। काठमांडू ने भारत और चीन दोनों देशों को संदेश भेजकर इस मार्ग के उपयोग पर अपनी आधिकारिक आपत्ति दर्ज कराई है। नेपाल सरकार का तर्क है कि 1816 की सुगौली संधि के आधार पर लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी उसके संप्रभु क्षेत्र का हिस्सा हैं। यह विवाद ऐसे समय में दोबारा गरमाया है जब भारत ने जून और अगस्त के बीच इस पारंपरिक मार्ग से तीर्थयात्रा आयोजित करने की योजना साझा की है। नेपाल का कहना है कि महाकाली नदी के पूर्व में स्थित ये तमाम इलाके उसके अभिन्न अंग हैं और उसने कूटनीतिक माध्यमों से अपनी स्थिति स्पष्ट कर दी है।



नेपाल के इन दावों पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कड़ी और स्पष्ट प्रतिक्रिया दी है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दो टूक शब्दों में कहा कि इस मामले पर भारत का रुख हमेशा से सुसंगत और स्पष्ट रहा है। भारत ने स्पष्ट किया कि लिपुलेख दर्रा साल 1954 से ही कैलाश मानसरोवर यात्रा का पारंपरिक मार्ग रहा है और दशकों से श्रद्धालु इसी रास्ते का उपयोग करते आ रहे हैं, इसलिए इसमें कोई भी नया बदलाव या उल्लंघन नहीं हुआ है। भारत ने नेपाल द्वारा पेश किए गए क्षेत्रीय दावों को पूरी तरह से खारिज करते हुए कहा कि ये दावे न तो ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित हैं और न ही इनके पीछे कोई ठोस साक्ष्य है। भारत ने यह भी साफ कर दिया है कि किसी भी देश द्वारा एकतरफा तरीके से सीमा विस्तार दिखाना या दावों को पेश करना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। नेपाल सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि उसने चीन को भी इस संबंध में सूचित किया है कि लिपुलेख उसके क्षेत्राधिकार में आता है। नेपाल का आग्रह है कि इस विवादित क्षेत्र में सड़क निर्माण, व्यापारिक विस्तार या तीर्थ यात्रा जैसी कोई भी गतिविधि न की जाए। हालांकि, इन तल्खियों के बीच दोनों देशों ने संवाद की गुंजाइश बरकरार रखी है। भारत ने स्पष्ट किया है कि वह नेपाल के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को महत्व देता है और सीमा से जुड़े सभी लंबित मुद्दों को आपसी बातचीत और कूटनीतिक माध्यमों से सुलझाने के लिए हमेशा तैयार है। वहीं, नेपाल ने भी ऐतिहासिक संधियों और साक्ष्यों के आधार पर समाधान निकालने की प्रतिबद्धता दोहराई है, लेकिन फिलहाल लिपुलेख मार्ग को लेकर दोनों पड़ोसी देशों के बीच कूटनीतिक गतिरोध बना हुआ है।

## कूटनीति के मोर्चे पर मई का महीना भारत के लिए अहम, मोदी इस महीने करेंगे चार यूरोपीय देशों की यात्रा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मई के मध्य यूरोप के चार देशों की अहम यात्रा पर जाएंगे। कूटनीति के मोर्चे पर मई का महीना भारत के लिए अहम होने जा रहा है। इस दौरान इटली, वेटिकन, नॉर्वे, स्वीडन, नीदरलैंड जैसे देशों के साथ ट्रेड, रक्षा सहयोग, यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर चर्चा होने की संभावना है। पीएम मोदी के यूरोप की यात्रा के दौरान संयुक्त अरब अमीरात में भी कुछ देर रुकने की उम्मीद है। इस चार देशों की यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, तकनीकी सहयोग और रणनीतिक साझेदारी जैसे कई मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।





ईरान-अमेरिका-इजरायल में तनाव के बीच कूटनीति के मोर्चे पर मई का महीना भारत के लिए अहम होने जा रहा है। अमेरिका के साथ कम होते भरोसे के बाद यूरोपीय देशों भारत की तरफ नजर बना रहे हैं, क्योंकि एशिया में भारत के साथ साझेदारी दोनों ही पक्षों के लिए एक फायदा का सौदा साबित हो सकती है। ट्रंप प्रशासन के बढ़ते दबाव के बीच भारत-यूरोप संबंधों ने लगातार स्थिर प्रगति की है। अब मध्य यूरोप के इन चार देशों का दौरा भी इस प्रगति में एक और कदम माना जा रहा है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वह 15-17 मई तक नीदरलैंड, 17 मई को स्वीडन, 17-19 मई तक नॉर्वे और 19-20 मई तक इटली का दौरा करेंगे। इस चार देशों की यात्रा के दौरान द्विपक्षीय संबंधों, व्यापार, तकनीकी सहयोग और रणनीतिक साझेदारी जैसे कई मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। 15 मई को ओस्लो में होने वाला तीसरा भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन, जिसमें भारत, डेनमार्क, आइसलैंड, नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड के नेता एक साथ जुटेंगे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूरोप दौरे का मुख्य एजेंडा है। भारत के नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली के साथ मजबूत राजनयिक, आर्थिक और रणनीतिक संबंध हैं। ये यूरोपीय देश भारत के प्रमुख व्यापारिक साझेदार हैं, नीदरलैंड श्व में सबसे बड़ा, इटली चौथा, सेमीकंडक्टर, जल प्रबंधन, रक्षा, हरित ऊर्जा, नवाचार और जलवायु पर सहयोग बढ़ रहा है। पीएम मोदी की इस यात्रा से ये संबंध और मजबूत होंगे।

# जल संकट गहराया: पाकिस्तान टॉप 10 देशों में शामिल, भारत में भी खतरा बढ़ा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दक्षिण एशिया में लगातार बढ़ती गर्मी और तेजी से घटते जल संसाधन गंभीर पर्यावरणीय और सामाजिक संकट की ओर इशारा कर रहे हैं। अप्रैल के अंत तक भारत और पाकिस्तान में रिकॉर्ड तोड़ तापमान दर्ज हुआ हैं, जिससे हीटवेव की स्थिति और अधिक भयावह हो गई। इस भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। कई क्षेत्रों में पानी की मांग तेजी से बढ़ी है, जबकि उपलब्धता लगातार कम हो रही है।

मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि जल संकट अब केवल किसी एक देश या क्षेत्र की समस्या नहीं रहा है, बल्कि यह एक वैश्विक चुनौती बन चुका है। दुनिया के कई देशों में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता लगातार घट रही है, जो भविष्य के लिए गंभीर संकेत है। इसी कड़ी में पाकिस्तान उन शीर्ष 10 देशों में शामिल हो गया है, जहां प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता बेहद कम स्तर पर पहुंच चुकी है। वहां जल संकट के पीछे कई कारण जिम्मेदार हैं, जैसे अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि, कमजोर जल प्रबंधन प्रणाली और जलवायु परिवर्तन का व्यापक प्रभाव है।

पाकिस्तान की स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है, क्योंकि वहां की अधिकांश जल आपूर्ति सिंधु नदी प्रणाली पर निर्भर है। वर्षा के अनियमित पैटर्न और बर्फबारी में कमी ने संकट को बढ़ा दिया है। इसके अलावा कृषि और घरेलू उपयोग में पानी की अत्यधिक खपत भी स्थिति को बिगाड़ रही है।

वहीं भारत में भी स्थिति धीरे-धीरे चिंताजनक होती जा रही है। हालांकि भारत अभी वैश्विक टॉप 10 जल संकटग्रस्त देशों में शामिल नहीं है, लेकिन यहां भी प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता में लगातार गिरावट दर्ज हुई है। बढ़ती जनसंख्या, तेज शहरीकरण, भूजल का अत्यधिक दोहन और जल संरक्षण के प्रति जागरूकता की कमी इसके प्रमुख कारण हैं।

देश के कई राज्यों में भूजल स्तर खतरनाक रूप से नीचे जा चुका है। विशेष रूप से उत्तर भारत और पश्चिम भारत के कई हिस्सों में स्थिति गंभीर बनी हुई है। कई गांवों और शहरों में पानी की कमी रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में यह संकट और भी गहरा सकता है।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com